हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, गुरुवार 9 अप्रैल 2026



# एसपी का थानेदारों को आदेश...सूखे नशे पर लगाएं अंकुश, गुंडा-बदमाशों पर लें एक्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने जिले के समस्त थाना व चौकी प्रभारियों एवं राजपत्रित अधिकारियों की बैठक लेकर सूखे नशे पर पूरी तरह अंकुश लगाने एवं गुंडा-बदमाशों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने विवेचना सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक बिंदुओं पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया।

पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा द्वारा आज जिले के समस्त 18 थाना एवं चौकी प्रभारियों तथा राजपत्रित अधिकारियों की अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में लंबित एवं वर्तमान प्रकरणों के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण हेतु विस्तृत चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान लंबित अपराधों के शीघ्र निपटान, वर्तमान प्रकरणों में गुणवत्तापूर्ण विवेचना एवं मामलों के निराकरण पर विशेष जोर दिया गया, जिन प्रकरणों में बाहरी टीम भेजना आवश्यक है, उनके लिए स्पष्ट रणनीति एवं दिशा-निर्देश निर्धारित किए गए। वर्ष 2026 के प्रथम तीन माह में प्राप्त शिकायतों एवं उनके निराकरण की थानावार समीक्षा की गई। इसमें प्रत्येक थाना में प्राप्त शिकायतों की संख्या, निराकृत प्रकरण, फाइनल रिपोर्ट, प्रतिबंधात्मक कार्रवाई, दर्ज एफआईआर, कायम अपराध तथा लंबित मामलों की स्थिति का विश्लेषण किया गया। आगामी माह की कार्ययोजना के अंतर्गत बीट सिस्टम के सुदृढ़ीकरण हेतु प्रशिक्षण प्रदान किया गया तथा ऑपरेशन तलाश के तहत गुमशुदा बालक-बालिका, महिला एवं पुरूषों की दस्तयाबी के लिए कार्ययोजना तैयार की गई।

## जिलेभर के थाना प्रभारी, आला अफसरों की ली क्राइम बैठक, शिकायतों के निराकरण के निर्देश

### गश्त बढ़ाने रणनीति तैयार करने निर्देश

अपराध नियंत्रण के लिए सूखे नशे पर अंकुश, गुंडा-बदमाशों पर कार्रवाई, किशोर जांच अभियान, रात्रि औचक चेकिंग एवं गश्त बढ़ाने के लिए विस्तृत रणनीति तैयार करने निर्देश दिए गए। पुलिस की छवि को अधिक विश्वसनीय बनाने हेतु त्वरित कार्रवाई एवं शालीन व्यवहार अपनाने पर भी विशेष बल दिया गया। सभी प्रकार के अवैध कारोबारों जुआ, सट्टा, शराब एवं सूखे नशे के कारोबार पर सख्ती से कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। साइबर थाना एवं महिला थाना की भी गहन समीक्षा की गई। जिसमें प्रत्येक आरक्षक के प्रकरण निराकरण में योगदान के संबंध में जानकारी ली गई।



### आवश्यक बिंदुओं पर दिया मार्गदर्शन

बैठक में पुराने लंबित प्रकरणों, विशेषकर धारा 173(8) सीआरपीसी के अंतर्गत लंबित चालानों के संबंध में भी समीक्षा कर शीघ्र निराकरण हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही मर्ग प्रकरणों के निपटान एवं न्यायालय में निर्धारित समय-सीमा में चालान प्रस्तुत करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक द्वारा स्पष्ट किया गया कि विवेचना का मुख्य उद्देश्य दोषियों को सजा दिलाना होना चाहिए। गुणवत्तापूर्ण विवेचना सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक बिंदुओं पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया गया।

## नगद राशि अधिक मिलने से खेती होगी आसान, किसान खुश

# किसानों को अब कर्ज में 60 की बजाए मिलेगी 70% नगद राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक (अपेक्स बैंक) ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए ऋण वितरण की नई नीति जारी कर दी है। इस बार सबसे महत्वपूर्ण बदलाव ऋण वितरण के अनुपात में किया गया है। अब किसानों को स्वीकृत ऋणमान का 70 प्रतिशत हिस्सा नगद के रूप में मिलेगा। जबकि शेष 30 प्रतिशत हिस्सा वस्तु (खाद-बीज और कीटनाशक) के रूप में दिया जाएगा। गौरतलब है कि इससे पहले तक किसानों को 60 प्रतिशत नगद और 40 प्रतिशत वस्तु के अनुपात में ऋण उपलब्ध कराया जाता था।

**किसान मजदूर संघ ने की थी पहल**

खास बात यह है कि किसानों को 70-30 के अनुपात में ऋण देने की मांग सबसे पहले किसान मजदूर संघ ने की थी। इस संबंध में उन्होंने संबंधित विभागों जैसे पंजीयक सहकारिता व अन्य विभागों के साथ कई बार पत्र व्यवहार भी किया था। काफी कोशिशों के बाद आखिरकार यह व्यवस्था अब लागू की जा रही है। किसानों को यह ऋण लेने के लिए अपने क्षेत्र की समिति में बी-1 की नकल, ऋण पुस्तिका, किसान क्रेडिट कार्ड (पासबुक), चेकबुक, पेश करने पर ऋण मिलेगा।

**खास बातें**

- प्रति हेक्टेयर के हिसाब से मिलने वाली कर्ज की राशि भी तय
- अब तक 60% नगद और 40% खाद के लिए मिलता था कर्ज



### क्षेत्रवार ऋण सीमा तय

छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक ने राजनांदगांव, कवर्धा, मोहला-मानपुर-चौकी और खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के कर्ज की अधिकतम सीमा भी तय कर दी है। चारों जिले के किसानों को धान सिचिंत में 66 हजार रुपए प्रति हेक्टेयर और असिचिंत के लिए 59500 रूपए प्रति हेक्टेयर की सीमा निर्धारित की गई है। समितियों को प्रारूप 01, 02 और 03 में किसानों का विवरण तैयार कर समय-सीमा के भीतर बैंक शाखाओं में प्रस्तुत करने को कहा गया है, ताकि वितरण प्रक्रिया में कोई देरी न हो।

### जमा करने होंगे दस्तावेज

बताया गया कि ऋण लेने से पहले किसानों से जरुरी दस्तावेज भी जमा कराए जाएंगे। मिली जानकारी के अनुसार किसानों को ऋण प्राप्त करने के लिए कुछ आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे, जिनमें बी-1 की नकल, ऋण पुस्तिका, किसान क्रेडिट कार्ड (पासबुक), चेकबुक इन दस्तावेजों के आधार पर ही ऋण स्वीकृति की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। किसानों को रबी सीजन के लिए ऋण वितरण किया जा चुका है।

### किसानों को मिलेगा लाभ

किसानों को खेती किसानी के लिए नगद राशि की ज्यादा जरूरत होती थी। इस आदेश के बाद अब उन्हें सत्तर फीसदी नगद राशि मिल जाएगी। शेष तीस फीसदी राशि से उन्हें खाद आदि उपलब्ध कराया जाएगा।

- **सचिन सिंह बघेल,** अध्यक्ष, जिला सहकारी बैंक

### नगद राशि बढ़ने से किसानों को मिलेगी राहत

नगद ऋण की सीमा 60 प्रतिशत से बढ़ाकर 70 प्रतिशत किए जाने से किसानों के पास खेती की अन्य जरूरतों जैसे मजदूरी भुगतान और जुताई आदि के लिए अधिक नगद राशि उपलब्ध होगी। बैंक द्वारा जारी निर्देशानुसार वर्ष 2026-27 के लिए धान सिंचित हेतु 66 हजार रुपए और धान असिंचित हेतु 49 हजार 500 रुपए प्रति हेक्टेयर का ऋणमान तय किया गया है। इसी आधार पर 70:30 के नए फार्मूले से नगद और वस्तु का वितरण किया जाना निर्धारित है।

## शिक्षा मंडल की अध्यक्ष रेनू पिल्ले रहीं मौजूद

# सुरक्षा के बीच हिंदी का प्रश्नपत्र रवाना, थानों में कराए गए जमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कक्षा 12वीं में हिंदी का पर्चा लीक होने के बाद इस परीक्षा की तिथि आगे बढ़ा दी गई थी। माध्यमिक शिक्षा मंडल से जारी निर्देशानुसार 10 अप्रैल को उक्त परीक्षा का आयोजन कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच किया जाएगा। जिसको लेकर जिला शिक्षा विभाग द्वारा बुधवार को शहर के स्टेट स्कूल में बने स्ट्रांग रूम से प्रश्नपत्र निकटतम थानों के लिए रवाना किया गया।

जिले के 88 परीक्षा केन्द्रों में माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा नियुक्त केन्द्राध्यक्षों को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच कक्षा 12वीं हिंदी के प्रश्नपत्र का वितरण किया गया। स्टेट हाईस्कूल में बने स्ट्रांग रूम को आज सुबह 10 बजे माध्यमिक शिक्षा मंडल की अध्यक्ष रेनू पिल्ले की उपस्थिति में खोला गया और यहां से प्रश्नपत्र का वितरण केंद्र अध्यक्षों को किया गया।

**मंडल अध्यक्ष ने किया निरीक्षण**

माध्यमिक शिक्षा मंडल अध्यक्ष रेनू पिल्ले द्वारा प्रश्नपत्र वितरण केंद्र का निरीक्षण किया गया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ सुरुचि सिंह भी मौजूद रही। इस दौरान जिला नोडल अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर विश्वास कुमार, जिला परीक्षा नोडल अधिकारी मनोज चौहान द्वारा सभी वाहनों को संबंधित थाना के लिए रवाना किया गया।



### परीक्षा केंद्र में पहुंचेगा प्रश्नपत्र

जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल ने बताया कि कक्षा 12वीं की परीक्षा के लिए प्रश्नपत्र व गोपनीय सामग्री कड़ी सुरक्षा के बीच निकटतम थानों के लिए रवाना किया गया है। उन्होंने बताया कि इसके लिए 11 रूट बनाए गए हैं। थानों से परीक्षा तिथि को यह प्रश्नपत्र परीक्षा केन्द्रों में पहुंचाया जाएगा।

### नकल रोकने उड़नदस्ता तैनात

कक्षा 12वीं हिन्दी के प्रश्नपत्र समस्त केन्द्राध्यक्षों को शिक्षा अधिकारी एवं जिला नोडल अधिकारी की निगरानी में वितरित किया गया। कक्षा 12वीं की यह परीक्षा 10 अप्रैल को सुबह 9 बजे से परीक्षा प्रारंभ होगी। उक्त परीक्षा दिवस को राजस्व अधिकारियों के निगरानी में गोपनीय सामग्री थाना से निकालकर प्रत्येक केन्द्रों को उपलब्ध कराया जाएगा। वहीं सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि परीक्षा दिवस को अपने विकासखंड अंतर्गत परीक्षा केन्द्रों में नकल रोकने हेतु सतत निगरानी करेंगे। परीक्षा प्रभारी अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि परीक्षा कार्य हेतु सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है।

# कालोनी के लिए गलत तरीक से दी अनुज्ञा नगर निवेश विभाग के दो अफसर सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राज्य शासन ने नगर निवेश विभाग के जिले में पदस्थ रहे दो उपसंचालक स्तर के अफसरों को बुधवार को निलंबित कर दिया। इन अफसरों द्वारा शहर में एक कालोनी के अभिन्यास में की गई गंभीर अनियमिताओं के चलते शासन को करोड़ों रुपए के राजस्व की हानि किए जाने के मामले में यह कार्रवाई की गई है।

प्रशासनिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार छग शासन के अवर सचिव शत्रुहन यादव ने एक आदेश जारी किया है। जिसमें उनके द्वारा कहा गया है कि 15 जनवरी 2026 को नगर पालिक निगम राजनांदगांव द्वारा सत्यम परिवेश कॉलोनी के अनुमोदन अभिन्यास में करोड़ों रुपए का हेरफेर की गई है, जिस संबंध में राजनांदगांव में पदस्थ रहे संयुक्त संचालक सूर्यभान सिंह ठाकुर, जो वर्तमान में दुर्ग में पदस्थ है, को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। प्रकरण में दिया गया जवाब संतोषजनक नहीं पाया गया। जिसके बाद जांच हेतु गठित की गई समिति द्वारा जांच प्रतिवेदन में सूर्यभान ठाकुर एवं राजनांदगांव में पदस्थ उप संचालक कमला सिंह को प्रथम दृष्टया दोषी पाया गया है। जिसके कारण निलंबित किए जाने का आदेश जारी किया गया है। राजनांदगांव टाउन प्लानिंग में अपनी पदस्थापना के दौरान उप संचालक सूर्यभान सिंह से लेकर कमला सिंह पर इसके पहले भी गंभीर वित्तीय अनियमितताओं के आरोप लगते रहे हैं। नियमों के विपरीत जाकर कॉलोनियों को अनुमति देने से लेकर अवैध प्लाटिंग के मामले में भी इन अधिकारियों की भूमिका संदिग्ध रही है। जांच समिति की जांच रिपोर्ट में और कई खुलासे हो सकते हैं।

**उपनिरीक्षक व आरक्षक निलंबित** : सोशल मीडिया में आपत्तिजनक वीडियो वायरल होने पर के मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने आदेश जारी कर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। थाना डोंगरगढ़ में पदस्थ उप निरीक्षक रोहित खूंटे एवं आरक्षक लक्ष्मीशंकर कंवर का आपत्तिजनक वीडियो वायरल होने एवं ड्यूटी के दौरान उचित निर्धारित गणवेश धारण नहीं कर अशोभनीय आचरण का परिचय देते हुए पुलिस की छवि को धूमिल करना पाए जाने के फलस्वरूप उपनिरीक्षक एवं आरक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर रक्षित केन्द्र संबद्ध किया है।

## ग्रामीणों ने आबकारी सहायक आयुक्त को सौंपा अनापत्ति

# ग्रामीणों ने कहा: रंगीटोला में खोलें शराब दुकान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले के चिचोला क्षेत्र स्थित रंगीटोला से बड़ी संख्या में ग्रामीण आबकारी विभाग पहुंचे और यहां स्वीकृत शराब दुकान को शीघ्र खोलने की मांग की। ग्रामीणों ने आबकारी सहायक आयुक्त को ग्रामीणों की ओर से अनापत्ति पत्र सौंपते हुए कहा कि यहां शराब दुकान खुलने से किसी को भी आपत्ति नहीं है।

ग्राम रंगीटोला में प्रस्तावित शराब दुकान को लेकर विरोध किए जाने की चर्चा हो रही थी। इसी बीच आज बड़ी संख्या में ग्रामीण आबकारी विभाग पहुंचे और विरोध की खबरों को गलत बताते गांव में प्रस्तावित शराब दुकान को खोलने की मांग की है। यहां पहुंचे ग्रामीणों ने आबकारी सहायक आयुक्त को बताया कि मंगलवार को गांव में एक बैठक ग्राम पटेल के नेतृत्व में आयोजित की गई थी। इस बैठक में सभी ने एकमत होकर निर्णय लिया कि गांव में शराब दुकान खुलनी चाहिए। ग्रामीणों ने कहा कि क्षेत्र में जो अवैध शराब बिक्री होती है, वह यहां शराब दुकान खुलने से बंद होगी।



### रंगीटोला में दुकान खोलने प्रकिया

रंगीटोला गांव के ग्रामीण आए थे, उन्होंने गांव में दुकान खोलने सहमति दी है। पहले भी गांव से प्रस्ताव लिया गया था, तभी दुकान स्वीकृत हुई थी। ग्रामीणों की मांग पर शासकीय शराब दुकान खोलने की प्रक्रिया की जाएगी।

- **अभिषेक तिवारी**, प्रभारी सहायक आयुक्त आबकारी

### गांव में मिलेगा रोजगार

शराब दुकान खोलने की मांग को लेकर पहुंचे गांव के पटेल पुनाराम कुंजाम, लालबहादुर सिंह जादव, आनंद सिन्हा सहित अन्य ग्रामीणों ने कहा कि गांव में शराब दुकान खोलना चाहिए। इसका कोई भी विरोध नहीं है। उन्होंने कहा कि शराब दुकान खुलने से गांव के लोगों का फायदा होगा। आसपास छोटी-छोटी दुकान खुलेगी। जिससे रोजगार भी मिलेगा। ग्रामीणों ने कहा कि पहले भी यहां शराब दुकान खुली थी, जिस पर किसी को आपत्ति नहीं था और अब भी यहां शराब दुकान खोली जाती है तो आपत्ति नहीं है।

### प्रस्तावित जगह पर ही दुकान खोलने मांग

मंगलवार को रंगीटोला में शराब दुकान का विरोध होने को लेकर समीप के ग्राम पंचायत नारायणगढ़ से पहुंचे लोगों ने उक्त शराब दुकान को अपने गांव में खोलने की मांग की थी, लेकिन आज रंगीटोला के लोगों ने आबकारी विभाग में पहुंचकर गांव में कोई भी आपत्ति नहीं होने को लेकर प्रस्तावित जगह पर ही शराब दुकान खोलने मांग की है। ग्रामीणों ने कहा कि यह दुकान रंगीटोला में ही खुलनी चाहिए।

0 राजनांदगांव। आगामी दिनों वैवाहिक मुहुर्तों के चलते बाजार में चहल-पहल बढ़ने लगी है। लोग मांगलिक आयोजन से संबंधित सामग्रियों की खरीदी करने बाजार पहुंच रहे हैं।

**माय एंगल**




संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री रोग विभाग
उपलब्ध सुविधाएं...
+ सभी उच्च जोखिम वाले गर्भधारण का प्रबंधन
+ सुरक्षित और सफल गर्भावस्था देखभाल
+ सामान्य प्रसव/दर्द रहित प्रसव और सीजेरियन जन्म
+ लैप्रोस्कोपी और कैंसर सहित गाइन सर्जरी
+ बांझपन का उपचार, + हिस्ट्रोस्कोपी
+ स्त्री रोग संबंधी सभी विकारों का उपचार
+ चिकित्सा और शल्य चिकित्सा संबंधी विकार
OPD : 1 PM to 5.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

समता
सुपरस्पेशलिटी अस्पताल
NABH मान्यता प्राप्त



डॉ. जय टॉक
एम.डी.एस.
(ओरल एवं मैक्सिलोफेशियल सर्जन)
उपलब्ध सुविधाएं
• चेहरे एवं मुँह के अंदर कैंसर का उपचार
• जबड़े के जोइन्ट की सर्जरी
• दांतों के इम्पलान्ट् कार्य के स्पेशलिस्ट
• दुर्घटना से चेहरे की टूटी हड्डी का निशान रहित सर्जरी
• मुँह अथवा जबड़ों में कैंसर एवं गाँठ की सर्जरी
• गुटखा तम्बाखू आदि के सेवन से मुँह का कम खुलना
• कटेफटे कान, होठ और जन्मजात चेहरे एवं मुँह के विकृत अंगों का पुनर्निर्माण जबड़ों का टेढ़ेपन का इलाज
• चेहरे या सर में दर्द का इलाज
• अकल (विसडम) डाढ़ की सर्जरी
• चेहरे के समस्त रोग एवं दर्द का उपचार
• चेहरे के घावों का उपचार
• मुँह का कम खुलने का इलाज
• चेहरे व गले में किसी प्रकार के गांठ,
• दाग, घाव मसा का निदान
• जबड़े के फेक्चर का उपचार
अपॉईटमेंट - 077443 56654, 94255 29769
परामर्श समय :- सुबह 10 से शाम 7 बजे तक
बसंतपुर, महामाया चौक, VIP रोड राजनांदगांव (छ.ग.)

WE ARE HIRING
Job Opening
CIRCULATION ASSISTANT MANAGER
Position : Circulation Assistant Manager - 2 Post
Location : Raipur City
We are looking for a dynamic, Target Oriented and motivated Circulation Assistant to Join our team.
Qualifications :
- MBA (Marketing) from a recognized institution
- 3-5 Years of relevant experience in circulation Department
- Age 25 to 30 Years
Responsibilities :
- Manage circulation and distribution of publications
- Handle customer queries
- Maintain accurate circulation records
How to Apply
Interested candidates may send their resume to Email : inhnewshr@gmail.com
Last Date to Apply : 10 April 2026
हरिभूमि inh Opp. Pujari Park, Dhamtari Road, Tikrapara, Raipur

## खबर संक्षेप

### कॉलेज को भेंट में दिया वाटर कूलर



**अर्जुनी।** स्थानीय नवीन महाविद्यालय में जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष टामेश्वर साहू की अनुकरणीय पहल पर स्व. चंपादेवी धनराज बैद की स्मृति में हुकुमचंद जैन, फ़नेन्द्र जैन एवं परिजनों ने जैन ट्रैक्टर्स के सौजन्य से वाटर कूलर प्रदान किया।यह वाटर कूलर कॉलेज में अध्यनरत सभी विद्यार्थियों के लिए काफी उपयोगी साबत होगा और गर्मी में ठंडा और शुद्ध पानी उपलब्ध कराएगा। इस अवसर पर शांतिलाल बैद, प्राचार्य डॉ. अंजना ठाकुर, अतिथि व्याख्याता डॉ. संजू सिंह, डॉ. काव्या जैन, कंचन साहू, चांदनी, शुभ जैन, ओमप्रकाश सहारे, संध्या, हिमानी साहू, मनोज प्रधान, डॉ. हेमलता विरदी, योगिता ठाकुर, चंद्रकांत कुंभकार, ज्ञानेश्वर प्रसाद, खेलन साहू ने इस पहल की सराहना की है।

### सीसी सड़क और नाली का भूमिपूजन



**छुरिया।** ग्राम पंचायत आमगांव (छु.), गर्रापार, घोटिया, टेकेहर्रा के ग्रामीणों की मांग पर जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा ने सीसी सड़क, नाली निर्माण की स्वीकृति दिलाई है जिसका गत दिनों भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर जनपद सदस्य उभेराम मंडावी, तोरणदास वैष्णव, राकेश वाल्दे मौजूद थे। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष सिन्हा ने कहा कि सीसी रोड का निर्माण होने से आवागमन में सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि विकास के लिए सभी की भागीदारी जरूरी है। सड़क की गुणवत्ता और सुरक्षा का ध्यान रखना होगा। इस अवसर पर अनुसुइया उईके, मीना मंडावी, रमेश कतलाम, रोहित वर्मा, लेखराम यादव, सुनील पोटा, नकुल मंडावी, हमराज मंडावी सहित ग्रामीणजन मौजूद थे।

### विश्व क्षय दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम संपन्न

**राजनांदगांव।** विश्व क्षय दिवस पर राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन जिला चिकित्सालय राजनांदगांव के सभाकक्ष में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महापौर मधुसूदन यादव ने कहा कि सभी के प्रयासों एवं सहभागिता से टीबी उन्मूलन अभियान को सफल बनाया जा सकता है। उन्होंने निक्षय मित्र बनकर टीबी मरीजों को सहयोग प्रदान करने तथा टीबी मुक्त राजनांदगांव बनाने की अपील की। महापौर ने जिले में टीबी मुक्त भारत अभियान (100 दिवसीय अभियान) के द्वितीय चरण का शुभारंभ प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर किया। टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। टीबी मरीजों को पोषण आहार का वितरण किया। उन्होंने विश्व क्षय दिवस पर कार्यक्रम में उपस्थित जनसमुदाय को क्षय रोग उन्मूलन के संबंध में शपथ दिलाई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन ने जिले को टीबी रोग उन्मूलन की दिशा में किए जा रहे प्रयासों के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक टीबी जांच एवं शीघ्र उपचार के माध्यम से जिले को टीबी मुक्त बनाने कार्य करने कहा। नोडल अधिकारी डॉ. अल्पना लुनिया ने बताया कि जिले में टीबी मुक्त भारत अभियान (100 दिवसीय निक्षय निरामय) का द्वितीय चरण के तहत अभियान का संचालन चार चरणों में किया जाएगा।

### लो वोल्टेज से जल आपूर्ति भी बाधित

# गांव में नहीं मिल रही पर्याप्त बिजली, लोग हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

गर्मी की दस्तक के साथ ग्रामीण अंचलों में बिजली और पानी की किल्लत ने विकराल रूप धारण करने लगी है। समीपवर्ती ग्राम पंचायत ठंढार के ठंढार चौक में इन दिनों लो-वोल्टेज की समस्या मोहल्लेवासियों के लिए आफत बन गई है। आलम यह है कि वोल्टेज की कमी के कारण न तो घरों के पंखे अपनी रफ्तार पकड़ पा रहे हैं और न ही कूलर ठंडी हवा दे रहे हैं। पारा चढ़ने के साथ ही लोगों का जीना मुहाल हो गया है।

लो-वोल्टेज का सीधा असर गाँव की पेयजल व्यवस्था पर पड़ा है। पूर्व सरपंच तानसेन साहू सहित राज यादव, गोपी वर्मा और ओम लाल जंघेल,गुलेश्वर वर्मा ने बताया कि वोल्टेज इतना कम है कि पानी की मोटरें जल खींचने में पूरी तरह असमर्थ हैं। पुरानी टंकी भर नहीं पा रही, जिससे ग्रामीणों को महज चंद मिनट ही पानी मिल पा रहा है। वहीं लाखों की लागत से बनी नई पानी टंकी तकनीकी खामियों और बिजली की समस्या के कारण अनुपयोगी साबित हो साबित हो रही है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि गिरते जल स्तर के कारण हैंडपंप सूख रहे हैं, जिनमें पाइप बढ़ाना जरूरी हो गया है।

## नहीं चल रहे विद्युत उपकरण



#### सुधार किया जाएगा

पीएचई के एसडीओ दिनेश सिंग ने बताया कि जो हेण्डपम्प सुधार योग्य होगा उसे सुधारा जाएगा। नई पानी टंकी में कुछ कार्य बाकी है। ठेकेदार को नोटिस जारी किया गया है। जल्द ही पानी टंकी आरंभ करवा दिया जाएगा।

#### ट्रांसफार्मर लगाना प्रस्तावित

बिजली कंपनी के जेई हरिप्रसाद जंघेल ने बताया कि ठंढार चौक के लिए नए ट्रांसफार्मर का प्रस्ताव स्वीकृत हो चुका है। जल्द ही नया ट्रांसफार्मर स्थापित कर दिया जाएगा, जिससे लो-वोल्टेज की समस्या दूर हो जाएगी।

#### ग्रामीणों ने दी घेराव की चेतावनी

मोहल्ले के सुमित जोशी, दुलेश्वर महिलांगे, अनिल महिलांगे, अमित जोशी, गोपाल दास, लक्ष्मण जोशी, काव्या ने अपना दर्द साझा करते हुए बताया कि बीते कई दिनों से वह लो वोल्टेज की स्थिति को झेल रहे हैं। बच्चों और बुजुर्गों का गर्मी में बुरा हाल हो रहा है। आगे बताया कि मोहल्लेवासी मिलकर जल्द ही विभाग को लिखित आवेदन सौंपेंगे। इसके बावजूद बिजली आपूर्ति और लो-वोल्टेज की समस्या में सुधार नहीं हुआ, तो मोहल्लेवासी विद्युत वितरण केंद्र गंडई का घेराव करने मजबूर होंगे।

# गांव की सड़कों पर मवेशियों का जमघट



हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

रबी फसल की कटाई के बाद लगभग सभी गांव में चरवाहों ने मवेशियों को चराना बंद दिया है नतीजन सड़क पर मवेशियों का जमघट देखा जा रहा है जो वाहन चालकों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है।

ज्ञात हो कि ग्रामीण इलाके के चरवाहा मवेशियों को खरीफ फसल बोआई से रबी फसल की कटाई तक चराते हैं। रबी फसल की कटाई के बाद मवेशियों को चराना बंद कर दिया जाता हैं। अब खरीफ फसल बोआई के समय चराना शुरू करेंगे। अगले दो तीन माह तक मवेशी सड़क के इर्द गिर्द ही मंडराते नजर आते हैं जो सड़क दुर्घटना का कारण बनते हैं। पशु पालक भी मवेशियों की देखभाल करने में कोताही करते हैं जिससे रात को सड़कों पर मवेशियों का हुजुम रहता है।

#### गौशाला प्रमुख विकल्प

गौवंश की रक्षा एवं संरक्षण को लेकर सरकार द्वारा गौधाम गौशाला योजना शुरू किया गया है जिसका उद्देश्य पशुओं की देखभाल एवं संरक्षण करना है। योजना के अनुसार प्रत्येक गांव में गौधाम गौशाला खोलने का लक्ष्य है ताकि पशुओं को इधर उधर भटकना न पड़े। योजना के तहत पशुओं के लिए चारा, चरवाहा, सेवक, चिकित्सक आदि के लिए मानदेय की व्यवस्था है। ग्रामीण समूह बनाकर इस योजना का लाभ ले तो सड़कों पर से मवेशियों का जमघट कम किया जा सकता है।

# प्रवेश के लिए छात्राओं की चयन सूची जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

स्थानीय कन्या शिक्षा परिसर उत्कृष्ट विद्यालय की कक्षा 6 वीं प्रवेश परीक्षा के आधार पर चयन सूची जारी कर दी गई है। कुल 35 सीटों के लिए आयोजित परीक्षा के पश्चात मेरिट सूची के आधार पर चयन समिति एवं उच्च कार्यालय की स्वीकृति उपरांत छात्राओं का चयन किया गया है।

जारी सूची के अनुसार अनुसूचित जनजाति वर्ग से झलक पिता काशीराम, रागनी पिता भारसिंह, गोपांक्षा पिता सत्यनारायण, शिवानी पिता जितेन्द्र, जानवी पिता ओमकार, दोमेश्वरी पिता गजानंद, सेलेंद्री पिता संजय कुमार, लतिका पिता बिरेज, वंदना पिता हरिशम, सुप्रिया पिता विजय, नेहा पिता नाथु, उर्वशी पिता द्वारका, प्रिया पिता शेखर, डेजी पिता भारतलाल, हिमानी पिता ओमप्रकाश, अनिला पिता महेन्द्र, कामिनी पिता होमेश्वर, रेशमा पिता शरद, अवनि पिता जुगल सिंह, कामिया पिता राजेन्द्र, पल्लवी पिता धनेश, मानवी पिता मनहरण, पायल पिता विष्णु, आरती पिता मनहरण, वैष्णवी पिता कौशल राम, माही पिता डोमेंद्र, तान्या पिता नरेश चयनित की गई है। इसी प्रकार अनुसूचित जाति वर्ग से सोनी पिता गंगाधर, मानस्वी पिता लोकेश, मुस्कान पिता मनोज, अदिति पिता मनीष चयनित की गई है। अन्य पिछड़ा वर्ग एवं सामान्य वर्ग से वर्षा पिता रविन्द्र, तृप्ति पिता मानेन्द्र, लीना पिता रामसूरत, अमृता पिता कुंदन सिंह शामिल है। चयनित छात्राओं को 10 जून से 30 जून तक कार्यालय समय में आवश्यक दस्तावेजों के साथ प्रवेश लेना अनिवार्य होगा। प्रवेश के लिए टीसी, कक्षा 5 वीं की अंकसूची, दो पासपोर्ट फोटो, आधार कार्ड की छायाप्रति, बैंक खाता विवरण, राशन कार्ड की प्रति तथा सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जाति एवं निवास प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

# मार्ग पर संकेतक लगाने की पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया



छुईखदान- गंड़ई मार्ग की खस्ता हालत एवं प्रमुख जगहों पर संकेतक नहीं होने की खबर हरिभूमि ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था। खबर प्रकाशन के बाद विभाग द्वारा मोड़, अंधा मोड़, चौक, पुलिया, गांव सीमा में वाहन की गति आदि का संकेतक लगाया जा रहा है ताकि दुर्घटना पर अंकुश लगाया जा सके। ज्ञात हो कि बीते कुछ माह से छुईखदान गंड़ई के मध्य छोटे बड़े वाहनों की दुर्घटनाएं बढ़ गई है। गांव में वाहनों की रफ्तार कम नहीं होने से आए दिन हादसे हो रहे हैं। वहीं मोड़ पुलियों में संकेतक नहीं होने की स्थिति में वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। विभाग द्वारा अब सभी स्थानों पर संकेतक लगाया जा रहा है।

#### सड़क की मरम्मत भी जरूरी

राजनांदगांव कवर्धा मार्ग पर चौबीस घंटे यातायात का दबाव रहता है। छोटी बड़ी गाडियां फर्राटे से गुजरती है। सड़क के कुछ स्थानों पर बड़े बड़े गड्ढे हो गए है जा दुर्घटना को दावत दे रहे हैं। कुछ जगहों पर सड़क उखड़ चुकी है जो कई बार हादसे का कारण बन जाती है। हादसे पर लगाम लगाने के लिए मरम्मत किया जाना आवश्यक हो गया है। सड़क अतरिया के बंजारी मंदिर के समीप तथा नर्मदा चकनार के मध्य मुख्य मार्ग के में ऐसे कई गहरा गड्ढा है तो हादसे का कारण बन रहे हैं।

# छात्रवृत्ति से सपनों को मिली उड़ान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

जिला मुख्यालय के वार्ड 6 निवासी प्रतिभा निषाद पंजीकृत निर्माण श्रमिक हैं। वह परिवार के बेहतर भविष्य के लिए निरंतर मेहनत करती रही हैं। सीमित आय और कठिन परिस्थितियों के बावजूद उकस सपना था कि उनके बच्चों को अच्छी शिक्षा मिले। यह सपना तब साकार होता दिखा, जब उनके पुत्र नेहाल निषाद को मुख्यमंत्री नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत छात्रवृत्ति प्राप्त हुई।

यह योजना श्रम विभाग द्वारा संचालित है और पंजीकृत श्रमिकों के बच्चों को शिक्षा के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करती है, जिससे वह बिना किसी बाधा के अध्ययन को आगे बढ़ा सकें। नेहाल को मिली सहायता राशि ने न केवल उसकी पढ़ाई को आसान बनाया, बल्कि उसके आत्मविश्वास को नई ऊंचाई दी। अब वह अपने सपनों को साकार करने की दिशा में और अधिक उत्साह से आगे बढ़ रहा हैं।

**एक से दस हजार तक का लाभ**

इस योजना की खास बात यह है कि इसमें कक्षा 1 से लेकर स्नातकोत्तर, व्यावसायिक पाठ्यक्रमों, यहां तक कि पीएचडी और शोध कार्य करने वाले विद्यार्थियों को भी 1 हजार से 10 हजार तक की छात्रवृत्ति मिलती है। इसमें अंकों की कोई अनिवार्यता नहीं है, जिससे अधिक से अधिक श्रमिक परिवारों के बच्चे इसका लाभ उठा सकते हैं।

#### लक्ष्य से ज्यादा को मंजूरी

शैक्षणिक सत्र 2025-26 में जिले को 800 छात्रों को लाभान्वित करने का लक्ष्य मिला था, लेकिन विभाग के प्रयासों से 2856 छात्रों को स्वीकृति मिली है जो लक्ष्य का लगभग 357 प्रतिशत है। यह आंकड़ा इस बात का प्रमाण है कि योजना न केवल सफल है, बल्कि जरूरतमंद परिवारों तक प्रभावी ढंग से पहुंच भी रही है। श्रीमती निषाद का परिवार योजना का प्रत्यक्ष उदाहरण है कि सही अवसर और सहयोग मिलने पर श्रमिकों के बच्चे भी अपने सपनों को नई दिशा दे सकते हैं। यह पहल न केवल शिक्षा को बढ़ावा दे रही है, बल्कि श्रमिक परिवारों को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही है।

### भवन निर्माण के लिए लाखों की स्वीकृति

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ शासन के स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा महारानी लक्ष्मीबाई शासकीय उच्चतर माध्यमिक आदर्श कन्या शाला के भवन निर्माण हेतु 121.16 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। यह विद्यालय बालिकाओं को शिक्षा के क्षेत्र में सुदृढ़ बनाने हेतु जिले का एक पुराना एवं महत्वपूर्ण शिक्षण संस्थान है। नवीन भवन निर्माण से छात्राओं को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध हो सकेगा।

# डॉ. तिवारी हुए फेलोशिप कार्यक्रम में शामिल

## समारोह में 19 देशों के डॉक्टरों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान



नगर के सेवानिवृत्त सर्जन डॉ. एमजी तिवारी ने इंदौर में आयोजित अंतरराष्ट्रीय फेलोशिप प्रोक्टोलॉजी कार्यक्रम अंतर्गत कन्वोकेशन समारोह एवं कॉन्फ्रेंस में भाग लेकर क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया। इस अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम में 19 देशों के डॉक्टरों की सहभागिता रही। वहीं भारत के लगभग 400 डॉक्टरों ने आधुनिक चिकित्सा तकनीक का प्रशिक्षण प्राप्त किया। विशेषज्ञ डॉक्टरों ने सर्जरी से जुड़ी नई तकनीकों की विस्तार से चर्चा की। बताया गया कि आधुनिक तकनीकों के उपयोग से सर्जरी अधिक सुरक्षित, कम दर्दनाक और शीघ्र रिकवरी करने वाली हो गई है। डॉ एमजी तिवारी ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि मरीजों को अपनी बीमारी के बारे में डॉक्टर को पूरी ईमानदारी से जानकारी देना आवश्यक है। उन्होंने यह भी कहा कि कई बार लोग नीम-हकीम के चक्कर में पड़कर बीमारी को गंभीर बना लेते हैं और देर से विशेषज्ञ के पास पहुंचते हैं, जिससे उपचार जटिल हो जाता है। उन्होंने बताया कि बवासीर भगंदर बड़ी बीमारी नहीं है अब उसका इलाज नई तकनीक से किया जाता है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में विश्व स्तर पर अत्याधुनिक तकनीकों से ऑपरेशन किए जा रहे हैं और अब यह सुविधाएं स्थानीय स्तर पर भी उपलब्ध हो रही है। इस प्रशिक्षण के दौरान नई तकनीकों के विश्लेषण एवं उपयोग की विस्तृत जानकारी दी गई।

# रेलवे ने रचा विकास का नया इतिहास, 45 ब्रिज का निर्माण



- सुविधाओं का विस्तार, परिचालन में आई गति

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान बुनियादी ढांचे के विकास में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करते हुए कई नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। इस अवधि में रेल अवसंरचना को मजबूत करने के साथ यात्री सुविधाओं, क्षमता विस्तार और सुरक्षित परिचालन को नई गति मिली है। पिछले 10 वर्षों में दपूमरे ने कुल 1475 किलोमीटर लंबी 15 महत्वपूर्ण रेल परियोजनाओं को सफलतापूर्वक पूरा किया है, जो क्षेत्रीय विकास और रेल नेटवर्क सुदृढ़ीकरण की दिशा में अहम कदम है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में 125 किलोमीटर नई रेल लाइनों का लोकार्पण व कमीशनिंग किया गया है। राजनांदगांव-नागपुर तीसरी रेल लाइन अंतर्गत गुदमा- गोंदिया, गोंदिया- गंगाझरी, आरओआर गोंदिया खंडों में भी कार्य पूरा कर कमीशनिंग की गई।

#### रेल का सुचारू संचालन

जटिल कार्यों के बावजूद रेलवे ने सुविचारित योजना तहत समन्वय बनाते हुए यात्रियों की सुविधा और ट्रेनों के सुचारू संचालन को प्राथमिकता दी तथा निरस्तीकरण को न्यूनतम रखा। 18 आरओबी व 27 आरयूबी का भी निर्माण- यातायात सुगमता और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष 18 रोड ओवर ब्रिज और 27 रोड अंडर ब्रिज का निर्माण किया गया है, जिससे रेल और सड़क दोनों यातायात में सुधार हुआ है। इसके अलावा 2790 किलोमीटर लंबाई की 41 महत्वपूर्ण परियोजनाएं प्रगति पर हैं।

### जय जगन्नाथ सेवा समिति का आयोजन

# हर घर सुंदरकांड पाठ अभियान पुनः आरंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान



दो वर्षों के अंतराल बाद हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर नगर की जय जगन्नाथ सेवा समिति के संयोजन में श्री सनातन महायात्रा एक बार फिर शुरू किया गया। इस बार हर घर सुंदरकांड पाठ के संकल्प के साथ अभियान को नए कलेवर के साथ प्रारंभ किया गया है। महायात्रा का प्रथम पड़ाव ग्राम श्यामपुर स्थित श्री शिव हनुमान मंदिर प्रांगण में श्री गुरु परिवार के सहयोग से संपन्न हुआ। यहां श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला।

#### छोटे राजा का सम्मान

इस अवसर पर प्रमुख यजमान सोनी परिवार एवं मंदिर समिति ने धर्म जनजागरण अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले कुंवर देवराज किशोर दास का सम्मान किया गया। आयोजन में भंडारे की भी व्यवस्था की गई। श्री गुरु परिवार छुईखदान ने कमजोर श्रद्धालु या समितियां को भंडारे में सहयोग करने की घोषणा की है।

#### भजन और सुंदरकांड पाठ में झूमे श्रद्धालु

कार्यक्रम में सुंदरकांड की मुख्य प्रस्तुति प्रसिद्ध गायिका एवं व्याख्याता डॉ. विधा सिंह राठौर के नेतृत्व में हुई। सुमधुर भजनों, चालीसा पाठ एवं आरती के साथ पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। रंग-बिरंगी आतिशबाजी ने आयोजन को और आकर्षक बना दिया। देर रात तक श्रद्धालु आयोजन स्थल पर डटे रहे।

#### परंपरा से जुड़ा अभियान

ज्ञात हो कि लगभग 300 वर्ष पूर्व सिंगारपुर ग्राम में भगवान हनुमान का प्राचीन मंदिर स्थापित है। वहीं समीपस्थ गोपालपुर में पीपल वृक्ष से भगवान गणेश के प्रकट होने की मान्यता है। इसी गणेश मंदिर से इस अभियान की शुरुआत की गई थी। अब तक इस महायात्रा के लगभग 100 पड़ावों में से 75 पड़ाव पूर्ण किए जा चुके हैं, जिनमें मुख्य ध्वजवाहिका के रूप में डॉ. विधा सिंह राठौर की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

### लालच में डूबे लाखों रुपए

**डोंगरगढ़।** सालभर में रकम डबल करने और कमीशन के रूप में डालर देने का लालच देकर झांसा देने का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी के अनुसार राजनांदगांव, दुर्ग, भिलाई, पत्थलगांव, टाटा नगर के एक परिवार के लोगों ने डोंगरगढ़ में इस कारोबार के जरिये लगभग 10 करोड राशि लगाई है। जिन लोगों ने राशि जमा किया है उन्हे 10 प्रतिशत प्रति माह कमाई होने का लालच दिया गया था। लोगो ने अपना पैसा तो जमा कमाया और अधिक मुनाफा के लालच में चैन बना कर अन्य से भी रूपए जमा करवाया। शुरूवात में कुछ लोगों को कमीशन की राशि मिली किन्तु बाद भी राशि मिलना बंद हो गया। लोगों ने जमा पूंजी वापस पाने के लिए एजेंट से तगादा किया तो लगभग 2 करोड कमीशन देकर ममाले को दबाने का प्रयास किया है।





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### पंच-सरपंचों ने विस अध्यक्ष से की मुलाकात

**राजनांदगांव।** समाजसेविका छबिबाई साहू के नेतृत्व में विभिन्न ग्राम पंचायत के सरपंच, पंच ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह व शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव एवं महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े से रायपुर पहुंचकर उनके निवास में आत्मीय मुलाकात की। इस दौरान अपने-अपने मांग पत्र भेंट की। भेंट करने के दौरान विभिन्न विषयों पर गहन चर्चा की गई। इस अवसर पर छबिबाई, देवकी गंजीर, सरपंच कुंजलाल साहू, राजकुमार, चितरेखा सेन, कृतिका, धनेश्वरी, भागेश्वरी, कुमारीबाई, सूरज देशलहरे, ग्राम पटेल आदि उपस्थित थे। यह जानकारी प्रगति जैविक किसान कल्याण संगठन जिला फेडरेशन के पूर्व वालिंटियर मानिकलाल साहू ने दी।

### ढोलियाकन्हार पहुंचे भाजपाई



**खैरागढ़।** प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के निर्देशानुसार 7 से लेकर 12 अप्रैल तक गाँव चलो बस्ती चलो अभियान के अंतर्गत भाजपा नेता गॉव गॉव जाकर पीएम और सीएम की उपलब्धियों की जानकारी लोगों को दे रहे हे। इसी कड़ी में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य व पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष घम्मन साहू सहित अन्य भाजपा नेताओं ने ब्लाक के ढोलियाकन्हार मे घर घर भ्रमण कर लोगों से मुलाकात की और उन्हे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा जनहित को लेकर जारी योजनाओं के लाभ के संबंध में चर्चा की, पात्र हितग्राहियों को योजना के बारे में बताया और लाभ लेने प्रेरित किया। गली भ्रमण के दौरान गंदे पानी की निकासी को लेकर ग्रामीणों द्वारा समस्या बताने पर जिला पंचायत सदस्य दिनेश वर्मा और जनपद सदस्य डॉ चंदू वर्मा द्वारा नाली निर्माण के लिए राशि स्वीकृति की जानकारी दी। इस अवसर पर शक्ति केंद्र प्रभारी चेतन वर्मा, सरपंच तिजऊ राम साहू, पंचायत प्रतिनिधियों सहित भाजपा कार्यकर्ता बड़ी संख्या मे मौजूद थे जिन्होने पार्टी के महत्वपूर्ण कार्यक्रम को सफल बनाया।

### आश्रितों को 12 लाख की राशि स्वीकृत

**राजनांदगांव।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी जितेन्द्र यादव ने आरबीसी 6-4 के तहत 3 लोगों की मृत्यु होने पर उनके आश्रितों को 12 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। इसके अंतर्गत डोंगरगांव तहसील के ग्राम करेठी निवासी समारू राम की पैठू तालाब के पानी में डूबने, राजनांदगांव तहसील के ग्राम मोहबा निवासी निर्मलाबाई सिन्हा की सर्पदंश से एवं डोंगरगढ़ तहसील के ग्राम देवकट्टा निवासी गजानंद पटेल की सर्पदंश से मृत्यु होने पर 4-4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि उनके आश्रितों को स्वीकृत की गई है।

## जल संकट : करोड़ों खर्च पर उठने लगे सवाल

# गर्मी में सूखा डैम, प्यासा शहर कांग्रेस कार्यकर्ताओं का हल्ला बोल

### मौके पर पहुंचकर किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

नगर की अनेक वार्डों की जीवन रेखा माने जाने वाले पिपरिया नदी में लालपुर वार्ड स्थित स्टॉप डैम की बदहाल स्थिति और गहराते जल संकट को लेकर शहर कांग्रेस कमेटी ने प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। शहर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. अरुण भारद्वाज के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने स्टाप डैम का निरीक्षण किया, जहां स्टाप डैम पूरी तरह सूखा मिला।

इस स्थिति को लेकर कांग्रेस नेताओं ने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि स्टॉप डैम की ऊंचाई बढ़ाने के नाम पर करीब एक करोड़ रुपया खर्च किया गया लेकिन इसका कोई ठोस लाभ आम नागरिकों को नहीं मिल पाया। गर्मी की शुरुआत में ही डैम का सूख जाना शहर के लिए गंभीर चिंता का विषय बन गया है। गौरतलब है कि 15 मार्च को कांग्रेस द्वारा डैम के क्षतिग्रस्त गेट और संभावित भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाया गया था। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि प्रशासन ने गेटों की मरम्मत कर दी है इसके बाद भी डैम में पानी का अभाव और फैली गंदगी ने नाराजगी को और बढ़ा दिया। निरीक्षण में सामने आया कि नदी तल में पानी के बजाय पॉलीथिन, शराब की बोतलें और अन्य कचरा फैला हुआ है।



#### नपा और पीएचई पर लगाया आरोप

कांग्रेस ने नपा और पीएचई पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि स्वच्छता के दावे पूरी तरह खोखले साबित हो रहा हैं। विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन ने कहा कि गेट सुधार के बावजूद जल प्रबंधन पूरी तरह विफल है। कई वार्डों में पेयजल संकट गहरा गया है और लोग पानी के लिए परेशान हैं।

#### कांग्रेस ने दिया अल्टीमेटम

कांग्रेस ने जिम्मेदारी तय करने की मांग करते हुए चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही डैम में जलभराव और साफ-सफाई की व्यवस्था नहीं की गई, तो उग्र जन आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष दीपक देवांगन, सूर्यकांत यादव, पूरन सारथी, महेश यादव, शेखर दास वैष्णव, यतेंद्रजीत सिंह, विनोद सिन्हा, हरिदर्शन रजक, रतन सिंगी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# गांव में नियम के विरुद्ध सरकारी जमीन का आबंटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

■ सरपंच के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी

अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर नियम विरुद्ध सरकारी जमीन आवंटन करने के मामले मे गर्रापार सरपंच के खिलाफ एसडीएम टंकेश्वर प्रसाद साहू के कोर्ट मे पंचायती राज अधिनियम की धारा 40 के तहत कारवाई शुरू हुई।

जानकारी अनुसार गर्रा पार सरपंच के खिलाफ गांव के ही मनराखन पिता सरवन पटेल सहित अन्य 04 ने इस आशय का शिकायत आवेदन प्रस्तुत किया कि अनावेदक सरपंच अनुपम दास द्वारा पंचायत राज अधिनियम का पूर्ण उल्लंघन कर मनमानी ढंग से एक व्यक्ति को सरकारी जमीन आवंटित किया गया है।

जांच में पाया गया कि सरपंच द्वारा अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर गर्रापार स्थित शासकीय भूमि छोटे झाड़ के जंगल व घास मद खन 21 का आबंटन रोहित पटेल पिता बंशी पटेल को किया गया है उक्त भू-आबंटन विधि विरूद्ध होने से इसे लेकर किया गया पंचायत प्रस्ताव निरस्त किया गया और सरपंच द्वारा अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर नियम विरूद्ध भूमि आबंटित किये जाने के कारण उसके विरूद्ध पंचायती राज अधिनियम 1993 की धारा 40 के तहत प्रकरण दर्ज कर कारवाई की जा रही है।

#### नाम दाखिले के समय नहीं थी निर्धारित अर्हता

इसी तरह अनुविभागीय अधिकारी राजस्व में याचिकाकर्ता लक्ष्मीनारायण पिता स्व. रंजीत साहू ने ग्रापं पेण्ड्रीकला में वार्ड नं. 04 में हुए पंच निर्वाचन के विरूद्ध पंचायत राज अधिनियम 1993 धारा 122 अपील प्रस्तुत किया था। प्रस्तुत अपील प्रकरण में उभयपक्ष को सुनवाई का पर्याप्त अवसर प्रदान करते हुए प्रकरण जांच में पाया गया कि पंच पद को लेकर जिस समय नाम निर्देशन फार्म लिया जा रहा था उस अवधि में उत्तरवादी मनोहर पिता शारदा साहू की आयु 21 साल से कम थी। पंचायत का पदधारी होने के लिए अर्हता नहीं रखने के बावजूद उसके द्वारा वास्तविक तथ्यों को छिपाकर पंच पद के लिए नाम निर्देशन फार्म जमा किया गया है। धारा 122 पंचायत राज अधिनियम 1993 तथा सहपठित नियम छत्तीसगढ़ पंचायत निर्वाचन अर्जिया, भ्रष्टाचार और समस्या के लिए निर्हरतायें नियम 1995, पंच पद हेतु धारा 36 (1) ट, पंचायत राज अधिनियम 1993-36 का टिप्पणी क्र 2 (14) परन्तु के अनुसार टिप्पणी 02 (ख) के तहत पंच पद के लिए नाम निर्देशन भरने अनावेदक मनोहर साहू निरर्हता रहा है। अनावेदक मनोहर साहू पंच पद के लिए अयोग्य होने के कारण ग्रापं पेंड्री कला के वार्ड क्रमांक 04 का निर्वाचन शून्य घोषित किया गया है, फलस्वरूप पंच पद रिक्त होने की दशा मे उप निर्वाचन के संबंध में नियमानुसार आवश्यक कारवाई करने जनपद सीईओ को निर्देशित किया गया है।

# शहर कांग्रेस कमेटी की नई कार्यकारिणी घोषित, विभिन्न वर्गों को मिला प्रतिनिधित्व

■ सुरेन्द्र शर्मा को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

शहर कांग्रेस कमेटी की नई कार्यकारिणी का गठन कर दिया गया है। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज की अनुशंसा] पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश महामंत्री मलकीत सिंह मिड्डू, विधायक यशोदा नीलाम्बर वर्मा व जिला अध्यक्ष कोमलदास साहू की सहमति से अध्यक्ष डॉ. अरुण भारद्वाज ने सूची जारी की है।

जारी सूची में संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से विभिन्न समाज और वर्गों के प्रतिनिधियों को शामिल किया गया है। कार्यकारिणी में सुरेन्द्र शर्मा को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं उपाध्यक्ष पद पर रविन्द्र सिंह गहरवार, भरत चंद्राकर, सूर्यकांत यादव, पूरन सारथी, राधेश्याम यादव व श्रद्धा अग्रवाल को नियुक्त किया गया है।

महामंत्री पद पर दीपक देवांगन, शेखर दास वैष्णव, अमित सिंह, यतेन्द्र जीत सिंह, सैय्यद अल्ताफ अली, डॉ. यशेष सिंह ठाकुर, महेश यादव व मोहित भांडेकर को जिम्मेदारी दी गई है।

#### सक्रिय रूप से कार्य करने पर चर्चा

सचिव पद पर डॉ. किरण झा, कन्हैया रजक, रतन सिंगी, कमल टंडन, मिलाप ढीमर, राजेश्वरी अग्रवाल, केशव सारथी, गिरीश सारथी, गीता यादव एवं संत निषाद को शामिल किया गया है। इसके अलावा कार्यकारिणी सदस्यों में हरिदर्शन ढीमर, सुनीता सारथी, लता प्रजापति, मेघा जैन, ललित वर्मा एवं बसंती वर्मा को स्थान दिया गया है। इस कार्यकारिणी को प्रदेश कांग्रेस संगठन के प्रभारी महामंत्री संगठन एवं प्रशासन मलकीत सिंह गैदू द्वारा अनुशंसित किया गया है, जिसे जिला कांग्रेस कमेटी ने स्वीकृति प्रदान की है। अध्यक्ष डॉ. अरुण भारद्वाज ने कहा कि नई टीम संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने, कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने तथा जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता से उठाने का कार्य करेगी। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से समन्वय और सक्रियता के साथ कार्य करने का आह्वान किया। शहर कांग्रेस कमेटी पदाधिकारियों को विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन ने बधाई देते हुए पार्टी में सक्रिय रूप से कार्य करने पर चर्चा की है।

# उत्कृष्ट कार्य, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सम्मानित

### पंचायत सभाकक्ष में कलेक्टर ने किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने बुधवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में जिले में कुपोषित बच्चों को सामान्य श्रेणी में लाने चलाए जा रहे पोट्ठ लईका पहल अंतर्गत ईसीसीई (शाला पूर्व शिक्षा) पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रतीक चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

उन्होंने परियोजना राजनांदगांव शहरी से भानमती यादव, राजनांदगांव ग्रामीण-01 से ममता निर्मलकर, राजनांदगांव ग्रामीण-02 से रोहिणी साहू, डोंगरगांव से जयंती वैष्णव, डोंगरगढ़ से पुष्पा वर्मा, छुरिया-01 से संजना कंवर एवं छुरिया-02 से इंद्रोतीन कुंजाम को सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एनआर नवरतन, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास गुरूप्रीत कौर उपस्थित थी।




#### कुपोषित बच्चों को सामान्य श्रेणी में लाने पहल

जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास गुरूप्रीत कौर ने बताया कि जिले में कुपोषित बच्चों को सामान्य में लाने हेतु पोट्ठ लईका पहल चलाया जा रहा है। पोट्ठ लईका पहल अंतर्गत 9751 कुपोषित बच्चों को सुपोषण की श्रेणी में लाने के लिए लक्ष्य रखते जून 2025 से इस पहल को पूरे जिले में प्रांरभ किया गया। जिले में माह जून 2025 में अति गंभीर कुपोषित 443, मध्यम गंभीर कुपोषित 2396, गंभीर कुपोषित 731, मध्यम कुपोषित 6181 बच्चे थे। इसमें कमी लाते मार्च 2026 की स्थिति में अति गंभीर कुपोषित 128, मध्यम गंभीर कुपोषित 842, गंभीर कुपोषित 328, मध्यम कुपोषित 3848 बच्चे हैं।

# खनिजों का अवैध परिवहन व उत्खनन पर की गई कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार खनिज विभाग द्वारा जिले में खनिज का अवैध उत्खनन एवं परिवहन करने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। खनिज अधिकारी ने बताया कि खनिज विभाग की टीम द्वारा आज डोंगरगांव तहसील अंतर्गत ग्राम सिंघोला, छुईखदान, करमतरा, सुखरी, मेढ़ा, अर्जुनी सहित अन्य क्षेत्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान खनिजों का अवैध उत्खनन एवं परिवहन करने वालों पर कार्रवाई की गई। जिसमें ग्राम भोथीपार निवासी बलराम साहू के स्वामित्व की हाईवा-सीजी 08 एएफ 0828 से वाहन चालक ग्राम भोथीपार निवासी कमलेश्वर साहू द्वारा मुरूम व मिट्टी का परिवहन तथा राजनांदगांव निवासी अंकित जैन के स्वामित्व की जेसीबी-सोल्ड पीला रंग से वाहन चालक ग्राम मुसरा निवासी करण पटेल द्वारा मुरूम व मिट्टी का अवैध उत्खनन करने पर कार्रवाई करते थाना सोमनी को सुपुर्द किया गया। प्रकरणों में खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण के रोकथाम के लिए लगातार गस्त व निगरानी की जा रही है।

# मुफ्त बिजली योजनाः साहू दंपत्ति व रेशमी बने ऊर्जादाता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है, जो घरों को सौर ऊर्जा से जोड़कर बिजली बिल कम करना एवं मुफ्त बिजली प्रदान करना है। इस योजना के अंतर्गत साहू दंपत्ति व्याख्याता थंगेश्वर कुमार साहू एवं रेशमी साहू ने अपने घर की छत पर 3 किलो वाट का टाटा सोलर पैनल लगवाए हैं, जो आम व्यक्तियों, नागरिकों को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक प्रभावशाली कदम साबित हो रही है। इस योजना के माध्यम से न केवल बिजली की बचत हो रही है, बल्कि एक स्वच्छ वातावरण एवं नवीनीकरण ऊर्जा को भी बढ़ावा मिल रहा है। रिद्धी-सिद्धी फेस-टू निवासी व्याख्याता दंपत्ति थंगेश्वर कुमार साहू एवं रेशमी साहू ने बताया कि हर घर यह सौर ऊर्जा होना चाहिए और इसे अपनाना चाहिए, क्योंकि यह केवल बिजली खर्च में कमी नहीं लाएगी, बल्कि ऊर्जा आपूर्ति के क्षेत्र में भी हमें आत्मनिर्भर बनाएगी। यह योजना न केवल मध्यम वर्गीय और गरीब परिवारों को बिजली बिल की चिंता से मुक्त करेगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी एक क्रांतिकारी बदलाव लाएगा। उन्होंने बताया कि इस सोलर प्लांट के माध्यम से उनके घर की बिजली संबंधी जो भी आवश्यकता है, उसे अब सौर ऊर्जा से पूर्ति होगी। जिससे ग्रिड पर निर्भरता कम होगी।

# महिला सशक्तिकरण के लिए आत्मरक्षा कौशल अत्यंत आवश्यक : प्राचार्य गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

■ कराते प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन

शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता के मार्गदर्शन में महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में छात्राओं के लिए आत्मरक्षा हेतु कराटे प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय की दो छात्राओं प्रज्ञा वर्मा तथा मुस्कान साहू ने प्रशिक्षक के तौर पर महाविद्यालय की छात्राओं को प्रशिक्षित किया।

उन्होंने छात्राओं को तीन प्रकार के पांच अपर, लोअर, मिडल, तीन प्रकार के ब्लॉक अपर, लोअर, मिडल आउटर मिडिल, दो प्रकार की किक मायागिरी मावशीगिरि एवं हैमर यूरक्रेन जैसे कराटे के विभिन्न दांव-पेंच सिखाएं। बड़ी संख्या में छात्राओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण पूर्ण होने के पश्चात प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता ने छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदान किया।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. आराधना गोस्वामी ने किया। इस अवसर पर डॉ. नीलम तिवारी, स्वयंसिद्ध झा, रोहिणी समरित ने भी अपनी सहभागिता दी। आभार प्रदर्शन स्वयंसिद्ध झा ने किया।



#### आत्मरक्षा स्वयं करनी चाहिए

इस अवसर पर छात्राओं का मनोबल बढ़ाते उन्होंने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं छात्राओं के लिए अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि वर्तमान में महिलाओं की सुरक्षा एक गंभीर चुनौती के रूप में हम सब के सामने खड़ी है। महिलाओं को मानसिक और शारीरिक तौर पर सशक्त होना चाहिए। प्रत्येक महिला को अपनी आत्मरक्षा स्वयं करनी चाहिए। इसके लिए अनुशासन, मेहनत, संयमित जीवनशैली एवं पौष्टिक खानपान उनकी दिनचर्या में शामिल होना चाहिए। महिला प्रकोष्ठ की संयोजक डॉ. मीना प्रसाद ने इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम को आवश्यक बताया और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन पर बल दिया।


**समक्ष :- न्यायालय श्रीमान जिला न्यायाधीश, डोंगरगढ़, जिला - राजनांदगांव (छ.ग.)**

**ज्ञापन**

सिविल.एम.जे.सी. 03 अ/2026, श्रवण तिथि 15/04/2026
प्रोसेस नम्बर - 421/2026

**सनत राम कंवर** - आवेदक

//विरूद्ध//

**आम जनता** - अनावेदकगण

**बनाम- आम जनता, जिस किसी का हित हो**

आवेदक के द्वारा आम जनता के विरूद्ध इस न्यायालय में वाद अंतर्गत संरक्षण एवं प्रतिपाल्य अधिनियम 1890 व्यवहार प्रक्रिया संहिता के तहत् पेश किया गया है। आवेदन में उल्लेखित है कि आवेदक सनतराम कंवर ग्राम खल्लारी का स्थायी निवासी है एवं नाबालिग बालक लकेश्वर कंवर के सगे बडे पिताजी है। बालक लकेश्वर कंवर के पिता की मृत्यु वर्ष 2016 एवं माता की मृत्यु वर्ष 2025 में होने के बाद से आवेदक के द्वारा लकेश्वर का पालन पोषण, शिक्षा दीक्षा और देखभाल किया जा रहा है। वर्तमान में कोई अन्य जीवित प्राकृतिक अभिभावक नहीं है, जो उसकी देखभाल कर सके। आवेदक ही बालक का निकटतम संबंधी है और उसके प्रति पूर्णतः समर्पित है। अतः बालक के आधार कार्ड बनवाने, विद्यालय संबंधी कार्यो तथा भविष्य में उसकी संपत्ति या अन्य सरकारी लाभों की सुरक्षा हेतु आवेदक को न्यायालय द्वारा विधिक संरक्षक नियुक्त किया जाना आवश्यक है।

अतः आपत्ति ईस्तहार का प्रकाशन किया जा रहा है, तथा अपेक्षा की जा रही है कि जिस किसी को आपत्ति हो, न्यायालय में पेशी दिनांक 15/04/2026 को प्रातः 11:00 बजे वाद का उत्तर देने के लिए, इस न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा हाजिर हो सकते है जिन्हे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस दावे संबंधित सारवान तथ्यो का उत्तर दे सके, या जिसके साथ कोई व्यक्ति हो जो ऐसे प्रश्नो का उत्तर दे सके, आपको यह भी निर्देश दिया है कि आप उस दिन सभी दस्तावेजो को पेश करे जिस पर आपकी प्रतिरक्षा या प्रतिदावा आधारित है।

आप को सूचित किया जाता है कि आप अथवा आपका प्लीडर उपर बताई तारीख को इस न्यायालय में हाजिर नही होंगे तो दावे की सुनवाई और उसका अवधारण आपकी अनुपस्थिति मे किया जावेगा, यदि किसी कारणवश उक्त पेशी तारीख को सार्वजानिक अवकाश घोषित किया जाता है या यदि किसी कारणवश कार्य स्थगित किया जाता है तो अगले कार्यदिवस पर प्रकरण की सुनवाई की जावेगी।

अतः आज तारीख 02/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर से न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

मोहर

**(प्रतिभा वर्मा)**
जिला न्यायाधीश डोंगरगढ़
जिला- राजनांदगांव (छ.ग.)


### संघ के प्रमुख जन गोष्ठी में मुस्लिम, ईसाई सहित अन्य समाज प्रमुखों ने भाग लिया

# राष्ट्र को परम वैभव की ओर ले जाना ही संघ का ध्येय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में एक भव्य कार्यक्रम प्रमुख जनगोष्ठी का आयोजन किया गया। होटल राज इंपीरियल के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता मध्य क्षेत्र प्रचारक स्वप्निल कुलकर्णी थे। वहीं कार्यक्रम में विभाग संघ चालक राजेश ताम्रकार और जिला संघ चालक राधेश्याम शर्मा मंचस्थ थे। श्री कुलकर्णी ने संघ के भविष्य के विजन और राष्ट्र निर्माण में इसकी भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में मुख्य वक्ता श्री स्वप्निल ने पूछे गए विभिन्न प्रश्नों का सारगर्भित एवं समाधान कारक उत्तर दिया। गोष्ठी में समाजसेवी व उद्योगपति बहादुर अली, अधिवक्ता एचबी गाजी, मनोज चौधरी, सतपाल सिंह, जितेंद्र साहेब, देवेंद्र साहब, स्वामी अनंतानंद, किशोरी लाल महराज, एमडी ठाकुर, कन्हैयालाल खोब्रागढ़े, विजय राय, हीरा भाई पटेल, हसन अली, इरफान खान, दादूराम सोनकर, डॉ. पवन जेठानी, डॉ. मिथलेश शर्मा, डॉ. भालेराव, नीरज बाजपेई, राजेश जैन, प्रफुल्ल कोठारी, सांसद संतोष पांडे, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, कोमल सिंह राजपूत, सागर चितलंगिया, करनैल सिंग भाटिया सहित बड़ी संख्या में प्रमुखजन उपस्थित थे।




#### भारत को बनाना है विश्व का सर्वश्रेष्ठ देश

श्री कुलकर्णी ने कहा कि संघ का मूल उद्देश्य भारत को परम वैभव के शिखर पर ले जाना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि परम वैभव का अर्थ केवल शक्तिशाली या साम्राज्यवादी होना नहीं है, बल्कि भारत को दुनिया का सबसे अच्छा और आदर्श देश बनाना है। उन्होंने कहा कि हमें भारत को बड़ा बनाना है, लेकिन भारत को *भारत* बनाए रखते हुए ही यह संभव है। स्वप्निल ने संघ की प्रार्थना और शाखाओं में गाए जाने वाले गीतों का संदर्भ देते कहा कि राष्ट्र को शिखर पर ले जाने की पहली शर्त धर्म का संरक्षण है। उन्होंने धर्म की व्याख्या करते कहा कि यह केवल पूजा-पाठ या उपासना की पद्धति नहीं है, बल्कि यह हमारे शाश्वत जीवन मूल्य है, इन्हीं मूल्यों के आधार पर एक समर्थ राष्ट्र की नींव रखी जा सकती है।


**न्यायालय नजूल जाँच अधिकारी, जिला–राजनांदगांव (छ.ग.)**

राजस्व मामला क्रमांक 202604093700009
अ-6 वर्ष 2025-26

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अखिलेश सोनी आ. संजय सोनी एवं अन्य, निवासी सागर इलेक्ट्रिक के सामने, ठेठवारपारा राजनादगांव, तहसील व जिला- राजनांदगाँव के द्वारा शहर राजनांदगाँव मोहल्ला चौखडियापारा स्थित शीट क्रमांक 50 ए. भूखण्ड क्रमांक 2, 3} 2, क्षेत्रफल 431.79 वर्गमीटर जो धारक महेन्द्र चौहान आ. जयंतीलाल चौहान, निवासी-डॉ. श्यामप्रसाद मुखर्जी वार्ड जगदलपुर जिला-बस्तर के नाम पर दर्ज है। आवेदित भूखण्ड में से क्षेत्रफल 192.379 वर्गमीटर पर पंजीकृत विक्रय पत्र के आधार पर नाम दर्ज किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है।

अतः उक्त भूमि/मकान / संपत्ति के नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था जो इस भूखण्ड पर हित रखते है, पेशी तारीख 22.04.2026 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 06.04.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया।

मोहर

**नजूल जाँच अधिकारी**
राजनांदगांव (छ.ग

# कलेक्टर ने ली दो अतिगंभीर कुपोषित बच्चों के देखभाल की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने बुधवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं एनआरएलएम की संयुक्त बैठक ली। कलेक्टर ने गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण, पो-लईका पहल अभियान, गर्भवती माताओं का पंजीयन, वैक्सीनेशन सहित सभी योजनाओं की समीक्षा की।

कलेक्टर ने कहा कि कुपोषित बच्चों के जीवन में परिवर्तन लाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। कलेक्टर ने जिले में कुपोषण उन्मूलन की दिशा में संवेदनशील पहल करते दो अति गंभीर कुपोषित बच्चों की संपूर्ण देखभाल एवं उपचार की जिम्मेदारी स्वयं ली है।



### कुपोषणमुक्त बनेगा जिला

कलेक्टर ने कहा कि प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र को कुपोषण-मुक्त बनाने हेतु कार्ययोजना बनाकर क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए। इसके लिए जनसहभागिता से सुपोषण के प्रति जागरूकता लाने कहा। कलेक्टर ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को प्रतीक चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

### आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का संचालन

कलेक्टर ने कहा कि एक अच्छी आदत कई सकारात्मक आदतों को जन्म देती है, इसलिए महिलाओं को स्वास्थ्य, पोषण एवं योग जैसी गतिविधियों से जोडना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि जिले के सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में प्रत्येक बुधवार को योग एवं स्वास्थ्य परीक्षण की गतिविधि संचालित की जा रही है। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से कहा कि वे महिलाओं को अधिक से अधिक शामिल होने प्रेरित करें।कलेक्टर ने बताया कि जिले में नवजात शिशुओं की मृत्यु के प्रमुख कारणों में से एक गलत तरीके से दूध पिलाना और डकार न दिलाना भी पाया गया है।

## सार समाचार

### क्रिकेट ट्रॉयल 12 अप्रैल को



**राजनांदगांव।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन राजनांदगांव द्वारा जिले की 16 वर्ष आयु वर्ग की टीम गठन के लिए आगामी 12 अप्रैल को दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में चयन प्रक्रिया का आयोजन किया गया है। चयन प्रक्रिया सुबह 8.30 बजे से प्रारंभ होगी, जिन खिलाड़ियों का जन्म 01 सितंबर 2010 व 31 अगस्त 2012 के बीच हुआ होगा, वे ही इस चयन प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं। उक्त चयन प्रक्रिया में वे ही खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। जिनका पूर्व में रजिस्ट्रेशन हो चुका है तथा वे खिलाड़ी जिनका रजिस्ट्रेशन नहीं हुआ है वे शाम 4 व 6 बजे के बीच दिग्विजय स्टेडियम में आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर अपना पंजीयन करा सकते है। खिलाड़ियों का चयन एसोसिएशन द्वारा नियुक्त चयनकर्ताओं द्वारा किया जाएगा।

जिला क्रिकेट एसोसिएशन राजनांदगांव के सचिव योगेश बागड़ी ने बताया कि उक्त चयन प्रक्रिया से खिलाड़ियों का चयन कर सघन प्रशिक्षण शिविर लगाया जाएगा। उक्त शिविर में प्रदर्शन के आधार पर खिलाड़ियों का चयन कर जिले की टीम (अंडर-16) का गठन किया जाएगा, जो कि छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अतंर्जिला क्रिकेट टूर्नामेंट में भाग लेगी। चयन प्रक्रिया में भाग लेने हेतु इच्छुक खिलाड़ी क्रिकेट की सफेद ड्रेस एवं स्वयं की क्रिकेट कीट के साथ उपस्थित होकर भाग ले सकते है। उक्त जानकारी जिला क्रिकेट एसोसिएशन राजनांदगांव के मीडिया प्रभारी लक्ष्मण लोहिया ने दी।

### निषाद समाज का शपथ ग्रहण समारोह 12 को

**राजनांदगांव।** निषाद समाज परिक्षेत्र का पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह आगामी 12 अप्रैल को निषाद सामुदायिक भवन भरेंगांव में आयोजित किया जाएगा। जिलाध्यक्ष द्रुपद मुन्ना निषाद, प्रदेश सचिव



गिरधर निषाद, महासचिव व पर्यवेक्षक टीकम निषाद, मुख्य निर्वाचन अधिकारी बसंत लारिया, सहायक निर्वाचन अधिकारी चैनकुमार सोनवानी, सहायक निर्वाचन अधिकारी दाताराम निषाद, सहायक निर्वाचन अधिकारी हरिराम निषाद, सहायक निर्वाचन अधिकारी प्रेमप्रकाश निषाद, विद्युत विभाग कम्प्यूटर आपरेटर की उपस्थिति में नवनिर्वाचित क्षेत्रीय पदाधिकारियों को शपथ दिलाई जाएगी।

सहायक निर्वाचन अधिकारी चैनकुमार सोनवानी ने बताया कि नवनिर्वाचित भरेंगांव क्षेत्रीय पदाधिकारी अध्यक्ष छगन निषाद ठेकवा, उपाध्यक्ष तिलकराम निषाद धामनसरा, महासचिव अमृतराज निषाद बुचीभरदा, कोषाध्यक्ष बंशीलाल निषाद कुसमी, अंकेक्षक तोरनलाल निषाद सिंघोला, सचिव चुम्मन सिंह निषाद धामनसरा, सह-सचिव देवराज निषाद उसरीबोड, संगठन सचिव अरविंद निषाद बुचीभरदा, उप संगठन सचिव उगेश्वर निषाद बेलटिकरी, महिला प्रकोष्ठ क्षेत्रीय अध्यक्ष दिव्या निषाद कोसमी, कार्यालय सचिव महेश्वर लाल निषाद भरेंगांव को शपथ दिलाई जाएगी।

### सरकार ने परीक्षा को बनाया बोझ : कुसुम

**राजनांदगांव।** शहर जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव की महामंत्री अधिवक्ता कुसुम दुबे ने भाजपा सरकार में शिक्षा व्यवस्था की दुर्गति नीति को उजागर करते कहा कि अब शिक्षा सत्र प्रारंभ हो गया है, पर 57 हजार



शिक्षक पद रिक्त होने पर भी शिक्षक भर्ती नहीं करना, दसवीं-बारहवीं की परीक्षा शुल्क सहित अन्य 22 मदों में फीस वृद्धि करना, निजी स्कूलों द्वारा पुस्तक-कापी के लिए एक चिन्हांकित दुकान के एकाधिकार के लिए उन्हें खुली छूट देने से गरीब सहित सर्वहारा वर्ग के पालक परेशान हैं। वहीं मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार शिक्षा के अधिकार की राशि ना देकर शिक्षा को बाधित कर रही है और छग सरकार परीक्षा फीस को वसूली का माध्यम बनाए बैठी है।

महामंत्री कुसुम दुबे ने कहा कि छग सरकार 10वीं-12वीं की परीक्षा फीस बढ़ा दी है। वहीं कांग्रेस सरकार शिक्षा परीक्षा फीस नहीं बढ़ाई थी। यहां तक प्रतियोगी परीक्षाओं को निःशुल्क किया था, जिसे भाजपा सरकार समाप्त कर बेरोजगारों से फीस वसूल रही है। पेपर लीक आम बात है। जिससे बच्चों को दोहरी मानसिक परेशानी से गुजरना पड़ रहा है। फीस वृद्धि, आरटीआई की राशि ना मिलने से गरीब छात्र-छात्राओं के साथ पालक वर्ग पर अत्याचार भाजपा सरकार कर रही है।

### शा.हाईस्कूल मोहड़ में नेवता भोज आयोजित

**राजनांदगांव।** शासकीय हाईस्कूल मोहड़ में मंगलवार को कक्षा 8वीं से 9वीं में प्रवेश लेने वाले नवप्रवेशी विद्यार्थियों के स्वागत के लिए शासन



और प्रशासन की मंशानुरूप नेवता भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन शासकीय हाईस्कूल मोहड़ की प्राचार्य संगीता तिवारी की ओर से किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता अलख चंद्राकार, पार्षद संजय रजक, शाला जनभागीदारी समिति अध्यक्ष विजय मेश्राम, प्राचार्य संगीता तिवारी, प्राचार्य श्री जंघेल तथा व्याख्याता वाणी गौतम ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि बच्चों का सर्वांगीण विकास ही शिक्षा का मूल उद्देश्य होना चाहिए। कार्यक्रम में डी. ईश्वर, जितेन्द्र हिरवानी, जागृत साहू, गिरधारी हिरवानी, धनसाय निषाद, नम्रता यादव, बिन्दु देशमुख, ज्योति बाला, राकेश मिश्रा, अमित शर्मा, तुमेश्वरी सिन्हा, बरखा बाफना सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओं और पालकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों, अतिथियों तथा मोहड़ और हरदी स्कूल के शिक्षकों ने एक साथ बैठकर नेवता भोज का आनंद लिया। नेवता भोज में पुड़ी, हलवा, पुलाव, छोले, मिठाई, मिक्सचर और केले की व्यवस्था की गई थी।

### एनपीएस में 30 यार्ड क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन

**राजनांदगांव।** नीरज पब्लिक स्कूल पेंड्री द्वारा 1 से 6 अप्रैल 2026 तक कक्षा छठवीं से आठवीं तक के छात्रों के लिए 30 यार्ड टेनिस बॉल क्रिकेट




प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें शहर ही नहीं वरन्‌ दूसरे जिले की शालाओं की टीमों ने हिस्सा लिया व अपने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में मेजबान एनपीएस बनाम अजीज पब्लिक स्कूल के मध्य खेला गया। फाईनल मैच में खिलाड़ियों ने अपना उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते विजेता का खिताब जीता। वहीं अजीज पब्लिक स्कूल की टीम उपविजेता रही।

इस अवसर पर समस्त एनपीएस शाला परिवार के साथ शाला प्रबंधन समिति के मैनेजिंग डॉयरेक्टर कमलेश उभरानी व शाला प्राचार्य भारती गौते ने मैच का लुत्फ उठाते मैच के दौरान खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया तथा विजेता व उपविजेता टीम को बधाईयां प्रेषित की।

## पुलिस ने की छापामारी कार्रवाई, कबाड़ियों में मची खलबली

# सात कबाड़ी दुकानों में पुलिस ने दी दबिश, 37 लाख रुपए का माल जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

लगातार चोरी के सामानों की अवैध रूप से खरीदी-बिक्री किए जाने की शिकायतों के तहत पुलिस ने शहर व आसपास के लगभग 7 कबाड़ी दुकानों में दबिश दी, जहां से कई सामग्रियां पुलिस ने जब्त कर कार्रवाई की है।

विभिन्न जगहों पर लगातार चोरी के सामान की अवैध रूप से खरीदी एवं बिक्री किए जाने के संबंध में लगातार शिकायतें प्राप्त होने एवं कई स्थानों में चोरी की घटनाओं में स्थानीय अपराधियों के शामिल होने की सूचना को ध्यान में रखते पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के दिशा-निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर के पर्यवेक्षण में 7 अप्रैल को 7 विशेष टीम राजपत्रित अधिकारियों के नेतृत्व में गठित किया गया।



### ट्रक के अंदर मिला सामान

कोतवाली क्षेत्रांतर्गत लखोली के खैरा रोड कन्हारपुरी स्थित मोहम्मद अनीश 30 वर्ष निवासी राहुल नगर के कबाड़ी दुकान पर किए गए रेड कार्रवाई में लोहे का पाइप, वाहनों का नंबर प्लेट, लोहे का एंगल, गैस सिलेंडर (खाली), लोहे का चैनल आदि सामान कुल लगभग 500 किलोग्राम जब्त किया गया। थाना सोमनी के ग्राम जोरातराई स्थित अल्ताफ हुसैन निवासी पोलसाय पारा दुर्ग के यार्ड में ट्रक में ट्रक के अंदर भरा हुआ लोहे का विभिन्न सामान पाइप, एंगल, राड, छड़, नट-बोल्ट, वाहनों के डिस्क, रिंग, लोहे के पाट्‌र्स, गाड़ियों का नंबर प्लेट, मोटर साइकिल का साइलेंसर, लोहे का राड जब्ती कार्रवाई की गई।

### घरेलू और कामर्शियल सिलेंडर भी मिले

कोतवाली क्षेत्रांतर्गत कैलाश नगर स्थित मुस्ताक बीबा 23 वर्ष द्वारा संचालित कबाड़ी दुकान में पुलिस टीम द्वारा रेड कार्रवाई किए जाने पर उक्त स्थल से एल्युमिनियम के पाईप व दरवाजा, डीजल एवं पानी पंप का इंजन, लोहे का वाइब्रेटर मशीन, ट्रक के प्रेशर ब्रेक जैसे विभिन्न लोहे एवं एल्युमिनियम के सामान एवं उपकरण मौके पर बरामद हुए, जिन्हें विधिवत जब्त किया गया। कंचनबाग चौक लखोली स्थित मोहम्मद सलीम 56 वर्ष के कबाड़ी दुकान में रेड की कार्रवाई संपादित की गई। उक्त कार्रवाई के दौरान मौके पर लोहे का स्क्रैप, लोहे का छड़, लोहे का एंगल प्लेट, जर्मन तार, ट्रैक्टर का डिस्क, पुरानी साइकिल एवं लोहे के एंगल, बैटरी का सेल आदि लोहे का सामान जब्त किया गया। ममता नगर स्थित रफीक के कबाड़ी दुकान में रेड कार्रवाई करने पर मौके से घरेलू सिलेंडर एवं कामर्शियल सिलेंडर, लोहे का राड एवं अन्य सामग्री बरामद कर जब्त किया गया। विशेष अभियान में कुल 7 स्थानों पर किए गए रेड कार्रवाई के दौरान लगभग 32,00,000 रुपए (बत्तीस लाख रुपए) की संपत्ति जब्त करने में महत्वपूर्ण सफलता अर्जित की गई।

### खैरागढ़ रोड में दबिश

पुलिस के अनुसार पुलिस चौकी चिखली खैरागढ़ रोड स्थित शफीक खान उर्फ बैगा कबाड़ी के यार्ड में, जिसे शेख शहबाज द्वारा संचालित किया जाना पाया गया। रेड कार्रवाई के दौरान मौके पर टीन का ड्रम, पुरानी साइकिल, टीन शीट, लोहे का आलमारी, मिनी ट्रक में लोहे का भरा हुआ सामान कुल वजन 17,210 किलोग्राम। इसी क्षेत्र में एलपीजी गैस गोदाम के पास स्थित मोहम्मद इमरान खान चिखली वार्ड नंबर 5 के यार्ड में रेड कार्रवाई किए जाने पर अलग-अलग 27 नग चार पहिया वाहनों के नंबर प्लेट, 14 नग पुरानी वाहनों के इंजन, चेसिस, ट्रैक्टर के पाट्‌र्स, पुराना व्हील चक्का 120 नग, साइलेंसर पाइप आदि कार एवं वाहनों की सामग्री एवं उपकरण जब्त किया गया।

### संपत्तिकर भुगतान में 30 अप्रैल तक छूट

**राजनांदगांव।** आम नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते छत्तीसगढ शासन, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा इस माह की विशेष छूट के तहत 30 अप्रैल 2026 तक संपत्तिकर का भुगतान करने पर अधिभार नहीं लगने छूट प्रदान की गई है। साथ ही बड़े बकायेदारों को भी बकाया राशि जमा कर निगम की कार्रवाई से बचने समझाईस दी जा रही है।

नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने राजस्व अमला से कहा है कि शासन की छूट के संबंध में बकायेदारों को जानकारी देकर वसूली करें तथा बड़े बकायेदारों को समझाईस दें कि बकाया करों का भुगतान कर निगम की कार्रवाई एवं आर्थिक भार से बचे। उन्होंने राजस्व अमला से कहा कि घर-घर जाकर सम्पत्तिकर की वसूली करें तथा नागरिकों को ऑनलाइन भुगतान करने प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा कि भुगतान नहीं करने की स्थिति में उनके घर का नल काटने की कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि बड़े बकायेदारों का नाम पूर्व में सामाचार पत्र में प्रकाशित किया गया था, किन्तु बकायेदारो द्वारा राशि जमा नहीं की गई है, उन्हें समझाईस दें।

# नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई

**राजनांदगांव।** यातायात पुलिस ने नियमों का उल्लंघन कर वाहन चलाने वाले चालकों के खिलाफ कार्रवाई अभियान चलाया है। जिसके तहत 119 वाहन चालकों से 56500 रुपए जुर्माना वसूला गया।

पुलिस के अनुसार यातायात प्रभारी निरीक्षक नवरतन कश्यप के नेतृत्व में यातायात पुलिस द्वारा शहर के अग्रवाल ट्रांसपोर्ट, लखोली तिराहा, गंज लाइन, मानव मंदिर चौक, जयस्तंभ चौक, गुड़ाखू लाइन तथा पोस्ट ऑफिस चौक से गुरुनानक चौक तक सर्विस रोड में नो-पार्किंग एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध



सख्त कार्रवाई की गई। पुलिस के मुताबिक कुल 119 वाहन चालकों से 56,500 रुपए का जुर्माना वसूला गया। शराब सेवन कर वाहन चलाने वाले चालकों को न्यायालय में प्रस्तुत किया जा रहा है। यह कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

### 119 वाहन चालकों पर कार्रवाई

कार्रवाई के दौरान शराब सेवन कर वाहन चलाने वाले 3 प्रकरण, ओवर स्पीड वाहन 9, दुपहिया वाहन में तीन सवारी 18, नो-पार्किंग में खड़े वाहन 15, काला शीशा लगे वाहन 2, प्रतिबंधित क्षेत्र में प्रवेश 2, चारपहिया वाहन में बिना सीट बेल्ट 3, दुपहिया वाहन में बिना हेलमेट 3, बिना लाइसेंस वाहन चलाना 10, वाहन के कागजात प्रस्तुत न करना 36 एवं अन्य यातायात नियम उल्लंघन 18 प्रकरण पर कार्रवाई की गई।

# खरीदी केंद्र में अवैध धान एफआईआर की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

धान की सरकारी खरीदी के दौरान खरीदी केंद्र में अवैध धान डंप होने के मामले का पर्दाफाश होने के बाद प्रशासन अब एक्शन के मूड़ में है। घुमका के प्राधिकृत अधिकारी को पद से हटाए जाने के बाद अब एफआईआर की तैयारी शुरू हो गई है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार घुमका के खरीदी केंद्र में मिले लाखों रुपए के अवैध धान के मामले में हाल ही में प्रशासन ने घुमका के प्राधिकृत अधिकारी को पद से हटाने की कार्रवाई की है। वहीं कोचिये पर आज पर्यन्त तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। जांच में इसका खुलासा होने के बाद प्रशासन ने अब मामले में एफआईआर दर्ज कराने की तैयारी शुरू कर दी है। सूत्रों ने बताया कि जांच अधिकारियों से तीन दिनों के भीतर पूरी रिपोर्ट देने कहा गया है। बताया जाता है कि मामले में घुमका थाना में एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। इधर जिन खरीदी केंद्रों में ऐसी गड़बड़ी मिली है, वहां के दोषियों पर भी कार्रवाई किए जाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। प्रशासन द्वारा एफआईआर की तैयारी शुरू किए जाने से प्राधिकृत अधिकारियों से लेकर कोचियों में खलबली मच गई है।

# नशीली टेबलेट के साथ दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नशीली टेबलेट रखकर ग्राहक की तलाश कर रहे दो युवकों को पुलिस ने पकड़कर कार्रवाई की है। आरोपियों से नशे की टेबलेट बरामद किया गया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन तथा नगर पुलिस अधीक्षक अलेक्जेंडर किरो के पर्यवेक्षण मे जिले में अवैध नशीले पदार्थों की बिक्री एवं तस्करी पर अंकुश लगाने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है।



### पुलिस ने की कार्रवाई

आरोपियों के विरुद्ध धारा 21 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपी मयंक सुखदेवे 19 साल निवासी स्टेशनपारा व अरमान रामटेके 19 साल निवासी ममता नगर को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मिलन सिंह, सहायक उपनिरीक्षक गणेश चौहान, प्रधान आरक्षक संदीप चौहान, शम्भूनाथ द्विवेदी, आरक्षक प्रंयश राजपूत की सराहनीय भूमिका रही।

### घेराबंदी कर पकड़ा

पुलिस सूत्रों के अनुसार 8 अप्रैल को पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि लखोली रोड सीआईटी बाईपास के पास दो लड़के अवैध लाभ अर्जित करने की नीयत से प्रतिबंधित नशीली टेबलेट रखकर ग्राहक की तलाश में हैं। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते कोतवाली पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर घेरा गया। तलाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे से अवैध नशीली टेबलेट बरामद की गई। आरोपियों द्वारा नशीले पदार्थ के परिवहन एवं बिक्री के संबंध में कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर उक्त सामग्री को गवाहों के समक्ष विधिवत जब्त किया गया।

# मंडी में ट्रक से चना चोरी, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

गंज मंडी परिसर में खड़े एक ट्रक से चना चोरी के मामले की जांच करते पुलिस ने लगभग 6 घंटे के भीतर खुलासा करते चार आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी रौनक जैन निवासी सदर बाजार द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि 5 अप्रैल को उनके ट्रक में चालक संतोष साहू द्वारा चना लोड कर तिरपाल व रस्सी से बांधकर ट्रक को मंडी परिसर के टीन शेड में खड़ा किया गया था। 6 अप्रैल को सुबह लगभग 6 बजे चालक द्वारा ट्रक चेक करने पर देखा गया कि ट्रक के पीछे की ओर से तिरपाल खुला हुआ था तथा जमीन पर चना बिखरा पड़ा था। पुनः वजन कराने पर लगभग 300 किलोग्राम चना कम पाया गया। किसी अज्ञात चोर द्वारा ट्रक से चना का कट्टा चोरी कर लिया गया था। रिपोर्ट पर थाना बसंतपुर में धारा 331(4), 305, 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस के अनुसार निरीक्षक एमन



साहू थाना प्रभारी बसंतपुर के नेतृत्व में टीम गठित कर घटनास्थल के आसपास एवं शहर के चौक-चौराहों में लगे सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन किया गया। संदेह के आधार पर आरोपी शरद यादव, बाबू मरकाम उर्फ शशि, देवेन्द्र राजपूत तथा उमेश विश्वकर्मा को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिस पर आरोपियों ने अपराध करना स्वीकार किया।

### फरार आरोपी की तलाश जारी

आरोपी शरद यादव के कब्जे से 5 कट्टा चना लगभग 250 किलोग्राम कीमत 17,000 रुपए को बरामद किया गया। आरोपी देवेन्द्र राजपूत के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल जब्त की गई। आरोपी बाबू मरकाम उर्फ शशि के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक्टिवा जब्त की गई। आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में न्यायालय पेश किया गया, जहां से जेल वारंट प्राप्त होने पर जेल भेजा गया। प्रकरण में एक अन्य फरार आरोपी की तलाश पुलिस द्वारा लगातार की जा रही है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
मात्र 15,500/-
09 दिन
EX-हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ,
श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
ब्रेकफास्ट, डिनर, 25 सीटर टेम्पो ट्रैवलर, होटल, मैनेजर/ गाइड
20 अप्रैल, 06 मई, 09 मई, 13 मई,
18 मई, 08 जून, 17 जून 2026
राशि:- स्टैंडर्ड पैकेज 15,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411



गर्मी की छुट्टीयों का सही इस्तेमाल करें और
कमाएं
₹ 12,000 प्रति माह
+
इंसेन्टिव
योग्यता- 12वीं से स्नातक
मात्र 6 घंटे का आसान काम
और फिर आराम ही आराम
ऐसे ऊर्जावान युवक युवतियों की आवश्यकता है जो अपने टेलेंट से मीडिया में महत्वपूर्ण स्थान बना सके।
स्वयं का वाहन होना आवश्यक, संपर्क अभियान से लक्ष्य प्राप्त करने में सक्षम युवा संपूर्ण बायोडाटा एवं बैंक एकाउंट, आधार कार्ड के साथ तुरंत संपर्क करें।
7489534456, 9893605300, 8889139071

### किसान लुटने को मजबूर, गन्ना किसानों पर बढ़ा बोझ कार्रवाई की मांग

# यूरिया की कालाबाजारी, 266 की बोरी को 500 में बेच रहे दुकानदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के कुंडा–दामापुर क्षेत्र में इन दिनों किसानों को खाद के नाम पर खुली लूट का सामना करना पड़ रहा है। निजी कृषि दुकानों में यूरिया खाद निर्धारित मूल्य से लगभग दोगुनी कीमत पर बेची जा रही है। स्थिति यह है कि 266 रुपए में मिलने वाली यूरिया की बोरी किसानों को 500 रुपए तक में खरीदनी पड़ रही है।

क्षेत्र के अधिकांश किसान निजी दुकानों पर निर्भर हैं, क्योंकि कई किसान सहकारी समितियों के सदस्य (शेयरधारी) नहीं हैं। ऐसे में उन्हें खुले बाजार से ही खाद खरीदनी पड़ती है। दुकानदार इसी मजबूरी का फायदा उठाकर मनमानी कीमत वसूल रहे हैं। किसानों का कहना है कि जरूरत के समय खाद नहीं लें तो फसल प्रभावित होती है, और लें तो महंगा खरीदना पड़ता है। पंडरिया क्षेत्र में बड़े पैमाने पर गन्ना की खेती की जाती है, जिसके लिए यूरिया की भारी मात्रा में जरूरत होती है। मांग बढ़ने का फायदा उठाकर कुछ निजी विक्रेता अधिक मुनाफा कमाने के लिए निर्धारित दरों को दरकिनार कर रहे हैं। इससे किसानों की लागत बढ़ती जा रही है।



#### जांच और छापेमारी की मांग

किसानों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि ऐसे दुकानदारों पर तत्काल कार्रवाई की जाए और कृषि विभाग द्वारा सख्त निगरानी रखी जाए। साथ ही दोषी दुकानों पर छापेमारी कर कड़ी कार्रवाई करने की भी मांग उठाई गई है, ताकि किसानों को निर्धारित दर पर खाद उपलब्ध हो सके।

#### प्रशासनिक निगरानी के अभाव का उठ रहा फायदा

स्थानीय लोगों का आरोप है कि संबंधित विभाग की ओर से पर्याप्त निगरानी नहीं होने के कारण यह स्थिति बनी हुई है। नियमित जांच और कार्रवाई के अभाव में दुकानदार बेखौफ होकर अधिक दर पर खाद बेच रहे हैं।

# बीमारी और नशे का अड्डा बना पुराना बस स्टैंड

### गंदगी, नशाखोरी और अव्यवस्था से यात्रियों को खतरा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

शहर के मध्य स्थित बस स्टैंड इन दिनों बदहाली, गंदगी और नशाखोरी का केंद्र बनता जा रहा है। सार्वजनिक उपयोग का यह प्रमुख स्थल अब यात्रियों के लिए सुविधा की बजाय परेशानी और बीमारी का कारण बन गया है। यहां फैली अव्यवस्था और अस्वच्छ वातावरण से न केवल आमजन बल्कि बाहर से आने वाले यात्रियों की सेहत भी खतरे में पड़ गई है। बस स्टैंड परिसर में लंबे समय से नियमित साफ-सफाई नहीं होने के कारण चारों ओर कचरे के ढेर लगे हुए हैं। जगह-जगह शराब की खाली बोतलें, प्लास्टिक कचरा, गुटखा-पान के अवशेष और अन्य गंदगी फैली हुई है। इसके साथ ही शाम होते ही यहां खुलेआम नशाखोरी का दौर शुरू हो जाता है, जिससे वातावरण और अधिक असुरक्षित हो जाता है। प्रतिदिन हजारों यात्रियों की आवाजाही वाले इस बस स्टैंड में गंदगी के चलते संक्रामक बीमारियों का खतरा लगातार बढ़ रहा है। विशेषकर बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग इस स्थिति से सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं। बदबू, मच्छरों की भरमार और अस्वच्छ माहौल यात्रियों को गंभीर स्वास्थ्य जोखिम की ओर धकेल रहा है। स्थानीय नागरिकों और यात्रियों ने नगर पालिका प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि बार-बार शिकायतों के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। लोगों ने तत्काल सफाई व्यवस्था सुधारने, नशाखोरी पर सख्त कार्रवाई करने और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है। एनएसयूआई के शहर अध्यक्ष हरदीप पात्रे ने नगर पालिका अध्यक्ष एवं गृह मंत्री से इस गंभीर मामले में शीघ्र हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि जल्द सुधारात्मक कदम नहीं उठाए गए तो स्थिति और विकराल रूप ले सकती है।

#### 10 करोड़ का हाईटेक बस स्टैंड तैयार फिर भी शुरू नहीं हुआ संचालन

कवर्धा शहर के बाहर घोठिया रोड पर लगभग 10 करोड़ रुपए की लागत से अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त नया हाईटेक बस स्टैंड पूरी तरह तैयार है, वहीं दूसरी ओर उसका संचालन अब तक शुरू नहीं हो पाया है। बस स्टैंड को शिफ्ट करने की प्रक्रिया लगातार लंबित है, जिससे जनता को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है।


#### बस स्टैंड की हालत दिन-ब-दिन बदतर

नए बस स्टैंड के बावजूद बस स्टैंड की स्थिति लगातार खराब होती जा रही है। यहां न तो सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम हैं और न ही स्वच्छता पर ध्यान दिया जा रहा है। इससे यात्रियों में असुरक्षा और असंतोष का माहौल है।

# खैरबना कला में नौ कुंडीय श्री विष्णु महायज्ञ एवं मानस प्रवचन सत्संग का भव्य शुभारंभ

- ग्राम खैरबना कला सहित आसपास क्षेत्र के भक्तजनों में भारी भक्तिमय का माहौल।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा





अखिल ब्रम्हाण्ड नायक भगवान श्री लक्ष्मी नारायण की असीम कृपा से बुधवार को दशविधस्नान, कलश यात्रा व मण्डप प्रवेश के साथ जिला मुख्यालय से महज 5-6 किमी की दूरी पर सरोधा बांध रोड पर स्थित ग्राम पंचायत खैरबना कला में ग्रामवासियों के सहयोग से भव्य नौ कुंडीय श्री विष्णु महायज्ञ एवं मानस प्रवचन सत्संग का भव्य आयोजन किया जा रहा है। नौ कुंडीय श्रीविष्णु महायज्ञ 08 से 16 अप्रैल तक विधिवत रूप से आयोजित की जाएगी। जिसमें प्रवचनकर्ता कामदगिरि पीठाधीश्वर जगद्गुरु रामानंदाचार्य स्वामी रामस्वरूपाचार्य महाराज चित्रकूट धाम एवं सुश्री विद्या दुबे, आचार्य पं नंदकुमार शास्त्री के संरक्षण में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें बुधवार को दशविधस्नान, कलश यात्रा मण्डप प्रवेश के साथ शुभारंभ किया गया। जिसमें मुख्य प्रवचनकर्ता जगद्गुरु रामानंदाचार्य द्वारा 10 से 16 अप्रैल तक दोपहर 4 बजे से शाम 6 बजे तक नियमित रूप से अपने अमृत वाणी से जनमास को प्रवचन देंगे, जिसका लाभ आमजन मानस ले सकेंगे। इस दिव्य आयोजन में ग्रामवासियों द्वारा भक्तगण एवं श्रद्धालुओं के लिए प्रतिदिन भोजन-भंडारा का व्यवस्था सुबह 10 बजे से रात्रि 10 तक किया गया है। जिस पर समस्त ग्रामवासी खैरबना कला ने आसपास क्षेत्र के भक्तजनो व श्रद्धालुओं को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कथा लाभ लेने अपील की गई।

# पीएमश्री शिक्षकों का साइंस एंड टेक्नोलॉजी फॉर सस्टेनेबिलिटी प्रशिक्षण संपन्न



**हरिभूमि पिपरिया।** पीएम श्री स्कूलों के अंतर्गत शिक्षकों के क्षमता विकास हेतु आयोजित पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को आधुनिक विज्ञान एवं तकनीक से जोड़ते हुए नेशनल एजुकेशन पॉलिसी 2020 को प्रभावी रूप से लागू करना था। छत्तीसगढ़ शासन के स्कूल शिक्षा विभाग एवं समग्र शिक्षा के निर्देशन में 30 मार्च से 3 अप्रैल तक आयोजित इस प्रशिक्षण में राज्यभर के 148 विज्ञान एवं गणित शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यक्रम में पीएमश्री राज्य प्रभारी आशीष गौतम के मार्गदर्शन में शिक्षकों को आधुनिक तकनीकों एवं नवाचारों से परिचित कराया गया। इस दौरान प्रतिभागियों को सिक्योरिटी, साइंस एंड टेक्नोलॉजी, स्मार्ट लैब, थ्रीडी प्रिंटर, नेचर लैब, गुगल क्लासरूम, साइबर साइकोलॉजिकल इम्पैक्ट, ड्रोन टेक्नोलॉजी तथा ऑनलाइन प्लेटफॉर्म आधारित प्रभावी कक्षा संचालन के तरीकों का प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही शिक्षकों ने आईआईटी भिलाई की अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं का अवलोकन भी किया। इस अवसर पर जिले के नगर पंचायत पिपरिया से व्याख्याता जीवविज्ञान हेमकल्याणी पटेल ने भी इस प्रशिक्षण में सक्रिय सहभागिता दर्ज कराई और अपने अनुभव साझा किए, जिससे स्थानीय स्तर पर भी इस पहल की उपयोगिता और प्रभाव स्पष्ट हुआ। कार्यक्रम के समापन अवसर पर सभी प्रतिभागी शिक्षकों को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए तथा उन्होंने पांच दिवसीय प्रशिक्षण पर अपना फीडबैक प्रस्तुत किया। इस अवसर पर अनुराग जॉन एस्कॉर्ट, श्वेता सिंह एस्कॉर्ट, अभिषेक सहारे, नितेश शर्मा, पारुल ओझा, अमरीन एवं नोहर देवांगन विशेष रूप से उपस्थित थें तथा इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कबीरधाम जिले के जिला शिक्षा अधिकारी एफआर वर्मा का विशेष मार्गदर्शन व सहयोग रहा। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम पीएमश्री विद्यालयों को एक मॉडल स्कूल के रूप में विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे डिजिटल लर्निंग, स्मार्ट क्लास, प्रयोगात्मक शिक्षा और कौशल विकास को बढ़ावा मिलेगा।

# कोदवा-कला में ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों ने सोसयटी में मनाया चांवल उत्सव



**हरिभूमि कोलेगांव।** छत्तीसगढ़ सरकार की मंशानुरूप ग्राम कोदवा कला में सरकारी उचित मूल्य की दुकान में जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ ग्रामीणजनों व हितग्राहियों के उपस्थिति में चांवल उत्सव मनाया गया। छत्तीसगढ़ में 7 अप्रैल को पूरे प्रदेश में चांवल उत्सव मनाया गया, जिसमें 81 लाख से अधिक राशनकार्ड धारियों को चांवल उत्सव के तहत चांवल वितरण किया जा रहा है, इसका उद्धेश्य चांवल वितरण प्रणाली में पारदर्शिता लाना है और पात्र हितग्राहियों को समय पर चांवल उपलब्ध कराना है और राज्य सरकार का लक्ष्य है हर जरूरतमंद तक राशन पहुंचना है। यह आयोजन विशेष रूप से 7 अप्रैल को राज्य भर में राशन दुकानों पर एक साथ आयोजित किया गया ताकि किसी भी पात्र परिवार को राशन से वंचित रहना न पड़े। इसी क्रम में ग्राम पंचायत कोदवा कला में स्थित उचित मूल्य की दुकान में खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग विकासखण्ड पंडरिया के तत्वाधान में चांवल उत्सव मनाया गया, इसी क्रम में सभापति अश्वनी यदु, सरपंच संतोष धुर्वे, उपसरपंच अशोक सिंगरौल, सालिक साहू, रतन साहू ने विधि-विधान से पूजा पाठ करके हितग्राहियों को चांवल वितरण कर शुभारंभ किए, जनपद पंचायत पंडरिया के सभापति अश्वनी यदु ने कहा की मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अगुवाई वाली सरकार द्वारा खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री दयालदास बघेल के विभाग के लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 में 6216 करोड़ 73 लाख रुपए की अनुदान मांगें सर्वसम्मति से पारित हुई। मंत्री ने कहा कि सरकार किसानों और गरीब परिवारों की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लगातार काम कर रही है राज्य में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत 73 लाख से अधिक राशन कार्डधारियों को मुफ्त चांवल दिया जा रहा है, वहीं पंडरिया विधानसभा क्षेत्र में पंडरिया विधायक भावना बोहरा की अगुवाई में राशन दुकान को और सुविधा युक्त किया जा रहा है। ग्राम के सरपंच संतोष धुर्वे ने ग्राम पंचायत के सभी कार्ड धारियों को बेहतर से बेहतर सुविधाएं मिलने की बात कहीं।

## खबर संक्षेप

### राम्हेपुर कला के प्रमुख चौक में प्याऊ घर का भव्य शुभारंभ

**हरिभूमि बरबसपुर।** जिला मुख्यालय से लगभग 8 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम राम्हेपुर कला में श्रद्धालु भक्तों द्वारा प्याऊ घर की शुभारंभ किया गया। बताया जाता है कि सद्गुरुदेव सतपाल महाराज की प्रेरणा से जगत जननी माता के पावन जयंती मातृ शक्ति दिवस 04 से 06 अप्रैल के उपलक्षय में मानव उत्थान सेवा समिति जिला कबीरधाम द्वारा 05 अप्रैल को राम्हेपुर कला में शीतल पेयजल (प्याऊ घर ) का शुभारंभ महात्मा निहालानंद के कर कमलों द्वारा मीठा जल वितरण कर किया गयाा, जिसमे समिति के कार्यकर्तागण, मानव सेवादल, यूथ टीम, प्रेमी भाई-बहनों एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। राहेपुर कला के प्रमुख चौक तथा कवर्धा-बिलासपुर नेशनल मार्ग के किनारे पर प्याऊ घर खुल जाने से आने जाने वाली राहगीरो को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने बच्चो से लेकर बुजुर्ग जुटे हुए है।

# भाजयुमो की नई टीम घोषित, उमंग पाण्डेय ने जारी की जिला पदाधिकारियों की सूची

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला संगठन में नई ऊर्जा का संचार करते हुए जिला पदाधिकारियों की नई टीम का गठन कर दिया गया है। प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा, दुर्ग संभाग प्रभारी जगन्नाथ पाणिग्रही, जिला संगठन प्रभारी महेश वर्मा एवं भाजपा जिलाध्यक्ष राजेन्द्र चंद्रवंशी की सहमति से भाजयुमो जिलाध्यक्ष उमंग पाण्डेय ने नई कार्यकारिणी की घोषणा की। घोषित टीम में उपाध्यक्ष के रूप में नीतीश चंद्रवंशी, अजय ठाकुर, सौरभ सिंह, सुदर्शन कुंभकार, नरोत्तम साहू एवं अस्वन साहू को जिम्मेदारी दी गई है। मंत्री पद पर धनराज सिंह परमार, सौरभ शर्मा, प्रताप धुर्वे, रामचरण साहू, केशरीचंद सोनी एवं कृष्णा साहू को शामिल किया गया है। कोषाध्यक्ष हुमलाल पटेल तथा सह कोषाध्यक्ष रमेश मेरावी और योगेश ठाकरे बनाए गए हैं। कार्यालय प्रभारी योगेन्द्र ठाकुर एवं सह कार्यालय प्रभारी अजय केशरवानी को नियुक्त किया गया है और जिला प्रचार-प्रसार में पुरण राजपूत, प्रीतम चन्द्राकर, संदीप गुप्ता, शत्रुहन धुर्वे एवं हिमांशु सिंह को जिम्मेदारी दी गई है। जिला कन्या संयोजिका भगवती मिरज एवं विद्या गंधर्व, जबकि सह संयोजिका मोनिका विश्वकर्मा और सिमरन ठाकुर बनाई गई हैं। खेल एवं कला प्रमुख के रूप में विष्णु साहू, रमाकांत चंद्रवंशी एवं डिगेश्वर पटेल, सूचना प्रमुख में हरीश चंद्रवंशी, आयुष वर्मा, शिवशंकर भल्लावी, उदय मानिकपुरी एवं उदित शर्मा को दायित्व मिला है। मन की बात प्रमुख दीपक सिन्हा, दीपक ठाकुर एवं अतुल दुबे बनाए गए हैं। जिला प्रवक्ता के रूप में मिथलेश बंजारे, ऋषभ वर्मा, हेमचंद्र चंद्रवंशी एवं मुकेश सिन्हा को जिम्मेदारी दी गई। सोशल मीडिया प्रभारी दुर्गेश दुबे, संजय निषाद, राकेश साहू, यश कुमार धुर्वे एवं तेजप्रताप तिवारी तथा सह प्रभारी विकास कुर्रे, राजेश दिवाकर, शिवचरण ठाकुर एवं विक्रम साहू बनाए गए हैं। मीडिया प्रभारी दीपक सोनी, हर्ष खुराना, पुष्पराज सिंह, हरीश चंद्रवंशी, अरविंद परमार, चंदन मानिकपुरी एवं अमन पाठक को जिम्मेदारी दी गई है। जिला स्वाध्याय मंडल में कार्तिक सोनी, रमन खनूजा एवं डॉ नारद बंजारे को शामिल किया गया है।



# जिले में चावल उत्सव 516 राशन दुकानों में हुआ खाद्यान्न वितरण, हितग्राहियों में उत्साह

- सरकार ने हितग्राहियों को तीन महीने का राशन एकमुश्त देने का निर्णय लिया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



जिले में चांवल उत्सव का आयोजन किया गया। यह आयोजन जिले के सभी 516 राशन दुकानों में किया गया। चांवल उत्सव के दौरान सतर्कता समिति सदस्यों, जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में हितग्राहियों को चांवल वितरण किया गया। उल्लेखनीय है कि सरकार ने हितग्राहियों को तीन महीने का राशन एकमुश्त देने का निर्णय लिया है। जिसके लिए राशन केंद्रों में भंडारण करवाया जा रहा है। चांवल उत्सव के माध्यम से हितग्राहियों को चांवल आबंटन किया जा रहा है। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने इसको लेकर खाद्य अधिकारी को सभी केंद्रों में समुचित खाद्यान्न उपलब्धता और सुचारु वितरण सुनिश्चित करने के लिए विशेष रूप से निर्देशित किया है। जिला खाद्य अधिकारी चंद्रशेखर देवांगन ने बताया कि जिले के सभी 516 उचित मूल्य की राशन दुकानों में चांवल उत्सव के मद्देनजर भंडारण और वितरण सतर्कता समिति, जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली में पारदर्शिता और जनभागीदारी सुनिश्चित करने के लिए यह व्यवस्था बनाई गई है। इस दौरान राशन केंद्रो में सतर्कता समितियों की बैठक भी आयोजित की गई।

### संपूर्ण जिले के कल्याण एवं सुख-शांति के लिए ज्ञान यज्ञ का आयोजन

# शिव तत्व को जानने वाला हो जाता है मुक्त : ज्योतिर्मयानंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सहसपुर लोहारा



बिरनपुर कला में आयोजित गौ-प्रतिष्ठा महायज्ञ एवं श्रीशिव महापुराण कथा के प्रथम दिवस में दण्डी स्वामी ज्योतिर्मयानंद सरस्वती महाराज ने कहा कि श्रीशिव महापुराण साक्षात शिव के वांगमय स्वरूप हैं, शिव महापुराण और भगवान श्रीशिव दोनों एक ही हैं। संपूर्ण जिले के कल्याण एवं सुख-शांति के लिए यज्ञ एवं श्रीशिव महापुराण की कथा का आयोजन किया गया है। शिव का अर्थ कल्याण होता है। कलियुग में पाप बहुत बढ़ जाएगा और पुण्य कम हो जाएगा लोग नास्तिक और शरीरवादी हो जाएगे पाप बढ़ने के कारण दुख बढ़ेगा लोग दुखी रहेंगे। लोगों को दुख और पाप से बचाने के लिए श्रीशिव महापुराण कथा है। श्रीशिव महापुराण में कहा गया है कि हम अपने आप को प्रयागराज बना सकते हैं भगवान शिव का नाम गंगा है और भस्म यमुना है, रुद्राक्ष सरस्वती है जिनके शरीर में ये तीनों हैं। उसे प्रयागराज का लाभ यहीं मिल जाएगा। जो ऐसे व्यक्ति का दर्शन करता है उसे भी तीर्थराज प्रयाग का लाभ मिलेगा। प्रयागराज में प्रवेश करते ही एक एक पग चलने से अश्वमेध यज्ञ करने का पुण्य मिलता है। प्रयागराज का विस्तार 5 पांच योजन है। उन्होने कहा कि भरत ने तीर्थराज प्रयाग से भगवान श्रीराम के चरणों में भक्ति मांगी थी। तीर्थराज प्रयाग मनोकामना पूर्ण करते हैं। ये ब्रह्म लोक जाने का मार्ग है, तीर्थराज प्रयाग में श्रीशिव महापुराण की कथा का शुभारंभ हुआ है। श्रीशिव महापुराण की कथा सुनने से पाप नष्ट होता है, भक्ति ज्ञान और वैराग्य की प्राप्ति होती है। जो शिव तत्व को जान लेते हैं वो जीवन मुक्त हो जाता है। कलियुग का प्रभाव तभी तक है जब तक हम शिव महापुराण से दूर हैं जब हमारे जीवन में श्रीशिव महापुराण कथा आती है तब कलियुग का प्रभाव नष्ट हो जाता है। श्रीशिव महापुराण की कथा बड़े से बड़े पापी को भी तार देती है, उसका कल्याण कर देती है। दण्डी स्वामी ज्योतिर्मयानंद सरस्वती महाराज ने बताया कि देवराज नामक ब्राह्मण था, जो रस बेचता था झूठ बोलता था, विश्वासघात करता था, धन छीन लेता था वैश्या गामी हो गया था एक बार अचानक यात्रा करते प्रतिष्ठानपुर के शिवालय पहुंच गया वहां श्रीशिव महापुराण की कथा चल रही थी, देवराज बीमार पड़ गया और कथा सुनकर मर गया उसे लेने श्री शिव के गण आए और हिमालय शिवधाम ले गए और वह देवराज सदा-सदा के लिए शिवधाम में रहने लगा। श्री शिव महापुराण कथा ने पापी देवराज को तार दिया।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता मंजूर

**कवर्धा।** कलेक्टर गोपाल वर्मा ने राजस्व पुस्तक परिपत्र छह-चार के तहत एक विपत्तिग्रस्त परिवार को चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि की स्वीकृति दी है। इसके तहत ग्राम रानी यादव की सर्प काटने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त उनकी मां श्रीमती रामबाई को राजस्व पुस्तक परिपत्र छह-चार के तहत चार-चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता की मंजूरी दी गई है।

### ग्राम सभा का आयोजन 14 अप्रैल को

**कवर्धा।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के निर्देशानुसार वर्ष में निर्धारित तिथियों के अनुसार ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाना अनिवार्य है। इसी क्रम में 14 अप्रैल 2026 को जिले के समस्त ग्राम पंचायत मुख्यालयों एवं उनके आश्रित ग्रामों में ग्राम सभा आयोजित की जाएगी। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने छत्तीसगढ़ पंचायतराज अधिनियम 1993 की धारा-6 के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जिले में उक्त तिथि को ग्राम सभा आयोजन की अनुमति प्रदान की है। जारी निर्देशों के अनुसार ग्राम सभा में लिए गए निर्णयों की अधिकतम 15 मिनट की वीडियो रिकॉर्डिंग करना अनिवार्य होगा, जिसे ग्राम सभा निर्णय मोबाइल ऐप में अपलोड किया जाएगा। इसके साथ ही भारत सरकार के पंचायती राज मंत्रालय द्वारा ग्राम सभाओं की कार्यवाही को सरल एवं तकनीकी रूप से सुदृढ़ बनाने हेतु सभासार नामक नवीन एआई आधारित पोर्टल विकसित किया गया है।

### पंजीयन की तिथि 20 अप्रैल तक बढ़ाई गई

**कवर्धा।** प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (पीएम-आशा योजना) के अंतर्गत प्राइस सपोर्ट स्कीम में जिले के किसानों के पंजीयन की अंतिम तिथि बढ़ाकर अब 20 अप्रैल 2026 कर दी गई है। योजना के तहत खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के लिए अरहर, मूंग, उड़द, मूंगफली एवं सोयाबीन तथा रबी विपणन वर्ष 2026-27 हेतु चना, मसूर एवं सरसों की फसल बोने वाले कृषकों का पंजीयन एकीकृत किसान पोर्टल के माध्यम से किया जा रहा है।

# रसोई ईंधन संकट के बीच सस्ता और टिकाऊ विकल्प, सरकार से पहल की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

वैश्विक स्तर पर बने युद्ध जैसे हालातों के बीच रसोई गैस (एलपीजी) की किल्लत ने भारत सहित कई देशों को प्रभावित किया है। हालांकि स्थिति अब कुछ हद तक सामान्य हुई है, लेकिन भविष्य में ऐसे संकट की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता। ऐसे समय में भारत जैसे गौधन संपन्न देश के लिए गोबर गैस प्लांट एक सस्ता, टिकाऊ और स्वदेशी विकल्प बनकर उभर सकता है। इसके बावजूद इस दिशा में अपेक्षित पहल न तो सरकार की ओर से दिखाई दे रही है और न ही गौपालकों में इसके प्रति पर्याप्त रुचि देखी जा रही है।

विशेषज्ञों और किसान संगठनों का मानना है कि यदि सरकार इस दिशा में ठोस कार्ययोजना बनाकर लोगों को जागरूक करे, तो बड़ी संख्या में ग्रामीण परिवार इस विकल्प को अपना सकते हैं। भारतीय किसान संघ लंबे समय से शासन से बेलून (गुब्बारा) टाइप गोबर गैस प्लांट को बढ़ावा देने की मांग करता रहा है। संघ का तर्क है कि इससे एलपीजी पर निर्भरता कम होगी और देश ईंधन के मामले में आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ सकेगा। दरअसल, बायो गोबर गैस प्लांट एक ऐसी इकाई है जिसमें गोबर के अपघटन से बायोगैस का उत्पादन होता है। इस गैस का उपयोग घरेलू रसोई ईंधन के रूप में आसानी से किया जा सकता है। यह न केवल पर्यावरण के अनुकूल है, बल्कि इसके उपयोग से किसी प्रकार का प्रदूषण भी नहीं होता और स्वास्थ्य पर भी इसका कोई नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ता। इसके साथ ही प्लांट से निकलने वाला अवशेष उच्च गुणवत्ता की जैविक खाद के रूप में खेतों में उपयोगी साबित होता है। बेलून (गुब्बारा) टाइप गोबर गैस प्लांट की खासियत यह है कि यह पारंपरिक सीमेंट टंकी की तुलना में काफी सस्ता होता है और इसे लगाने में कम स्थान की आवश्यकता होती है। इसकी संरचना लचीली होती है, जिससे इसे एक स्थान से दूसरे स्थान पर आसानी से स्थानांतरित किया जा सकता है।

इसके विपरीत, सीमेंट टंकी स्थायी होती है और उसे स्थानांतरित करना संभव नहीं होता। किसान संगठनों का कहना है कि यदि सरकार बेलून टाइप गोबर गैस प्लांट पर सब्सिडी प्रदान करे और इसे गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए अभियान चलाए, तो इससे न केवल एलपीजी की खपत में कमी आएगी बल्कि गौपालन को भी बढ़ावा मिलेगा। ग्रामीण क्षेत्रों में इससे रोजगार के नए अवसर भी उत्पन्न हो सकते हैं और किसानों की आय में वृद्धि संभव है। ऊर्जा के बढ़ते संकट और आयात पर निर्भरता को देखते हुए यह आवश्यक हो गया है कि देश वैकल्पिक और स्वदेशी ऊर्जा स्त्रोतों को अपनाए। गोबर गैस प्लांट इस दिशा में एक प्रभावी कदम साबित हो सकता है। अब जरूरत है कि सरकार, किसान संगठन और आम नागरिक मिलकर इस दिशा में प्रयास करें, ताकि भविष्य में ऊर्जा संकट से बचाव के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण और ग्रामीण विकास को भी मजबूती मिल सके।

**गोबर गैस प्लांट पर जागरूकता से बढ़ेगा गौपालन का रुझान**



यदि सरकार गोबर गैस प्लांट पर सब्सिडी प्रदान करे, तो ग्रामीण क्षेत्रों में गौपालन के प्रति लोगों की रुचि बढ़ सकती है। इससे सस्ता ईंधन उपलब्ध होगा, किसानों की आय में वृद्धि होगी और देश एलपीजी पर निर्भरता कम कर आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ सकेगा। साथ ही आज जो मौका पदस्त पशु पालक दूध देना बंद करने के बाद जिन गौवंश को सड़कों में आवारा छोड़ कर लोगों के लिए समस्या खड़ी कर रहे हैं वे भी अपने मवेशियों को घरों में बांधना शुरू कर देंगे।

**समस्या:** कार्रवाई के बावजूद दोबारा कटाई, वन विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल

# बोड़ला के जंगलों पर लगातार चल रही है तस्करों की कुल्हाड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला

क्षेत्र के चोरभट्टी और पालक बीट के जंगलों में अवैध कटाई का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। हैरानी की बात यह है कि जिन स्थानों पर वन विभाग ने पहले कार्रवाई कर अवैध कटाई को रोकने का दावा किया था, वहीं दोबारा पेड़ों की कटाई शुरू हो गई है। इस स्थिति ने वन विभाग की कार्यप्रणाली और निगरानी व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि वन विभाग की कार्रवाई केवल औपचारिकता बनकर रह गई है। शुरुआती कार्रवाई के बाद न तो नियमित निगरानी की जाती है और न ही दोषियों के खिलाफ ऐसी सख्त कार्रवाई होती है, जिससे वे दोबारा इस तरह की गतिविधियों में शामिल न हों। परिणामस्वरूप, वन माफिया बेखौफ होकर फिर से जंगलों को नुकसान पहुंचाने में जुट जाते हैं। ग्रामीणों के अनुसार, संबंधित बीट में बिट गार्ड की अनुपस्थिति या उनकी लापरवाही इस समस्या की प्रमुख वजह है। कई बार शिकायत के बावजूद मौके पर नियमित निरीक्षण नहीं किया जाता, जिससे अवैध कटाई करने वालों के हौसले बुलंद हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि विभाग समय-समय पर गश्त और निगरानी सुनिश्चित करे, तो इस तरह की घटनाओं पर काफी हद तक रोक लगाई जा सकती है। इस पूरे मामले में सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि जिन स्थानों पर पहले कार्रवाई हुई थी, वहीं दोबारा कटाई होना सीधे तौर पर विभागीय विफलता को दर्शाता है। यह सवाल उठता है कि आखिर कार्रवाई के बाद उन क्षेत्रों की निगरानी क्यों नहीं की गई और दोषियों को स्थायी रूप से रोकने के लिए क्या कदम उठाए गए।

**जंगलों से गायब हो रही हरियाली**



लगातार हो रही अवैध कटाई से क्षेत्र की हरियाली तेजी से समाप्त हो रही है। जंगलों के घटने से न केवल पर्यावरण संतुलन प्रभावित हो रहा है, बल्कि वन्यजीवों का प्राकृतिक आवास भी खतरे में पड़ता जा रहा है। इससे भविष्य में जलवायु और स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र पर गंभीर प्रभाव पड़ने की आशंका जताई जा रही है।

**ग्रामीणों ने की प्रशासन से कार्यवाही की मांग**

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों की जवाबदेही तय की जाए। साथ ही, अवैध कटाई में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाए। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए, तो क्षेत्र के जंगल पूरी तरह उजड़ सकते हैं। अब देखना होगा कि वन विभाग इस मामले में क्या ठोस कदम उठाता है और क्या वास्तव में जंगलों को बचाने के लिए कोई दीर्घकालिक रणनीति बनाई जाती है या नहीं।

# भारतीय किसान संघ ने कलेक्टर के समक्ष रखी समस्याएं



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

भारतीय किसान संघ के जिला कबीरधाम के प्रतिनिधिमंडल ने किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर बीते मुंगलवार को जिलाधीश से मुलाकात की।

इस प्रतिनिधिमंडल ने प्रमुख रूप से खाद वितरण, समर्थन मूल्य में चना तथा अन्य रबी फसलों की खरीदी में हो रही परेशानियों और गन्ना किसानों के भुगतान में हो रही दिक्कतों पर चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल ने इन मुद्दों के शीघ्र समाधान के लिए जिलाधीश से विशेष ध्यान देने की मांग की।

जिलाधीश ने इन समस्याओं के शीघ्र समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को उचित दिशा-निर्देश दिए। साथ ही छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास प्राधिकरण कार्यालय में सौर ऊर्जा से संबंधित कार्यों को लेकर क्रेडा के सहायक अभियंता धर्मेंद्र से मुलाकात की गई। इस दौरान सौर ऊर्जा से जुड़ी समस्याओं का निराकरण किया गया। इसके अलावा, चना खरीदी के मुद्दे पर कृषि विभाग के अधिकारियों से भी मुलाकात की गई और जल्द ही समाधान निकालने के लिए उन्हें निर्देशित किया गया।

बैठक में भारतीय किसान संघ के प्रमुख नेता जैसे जिलाध्यक्ष डोमन चंद्रवंशी, जिला मंत्री जीवन यादव, जिला कार्यालय प्रभारी कमलेश चंद्रवंशी, जिला कार्यकारिणी सदस्य सिद्ध राम चंद्रवंशी, जिला सह मंत्री रूपेंद्र तिलकवार, कवर्धा तहसील अध्यक्ष पिंटू चंद्रवंशी, बोड़ला तहसील उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी और पंडरिया तहसील कार्यकारिणी सदस्य विक्रम चंद्रवंशी ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

इस बैठक के माध्यम से किसान संघ ने किसानों के हक की आवाज उठाते हुए त्वरित समाधान की मांग की।

# भाजपा का गांव चलो, बस्ती चलो अभियान प्रारंभ



■ दुल्लापुर मंडल में भाजपा ने मनाया 47 वां स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोदवागोडान

भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर 'गाँव चलो, बस्ती चलो' अभियान के अंतर्गत दुल्लापुर बाजार मण्डल में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

इस अभियान के तहत ग्राम कोदवागोड़ान के बूथ क्रमांक 42 और 43 में पार्टी की रीति-नीतियों और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कोदवागोड़ान स्थित भगवान भोलेनाथ एवं हनुमान जी महाराज के मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर किया गया।

कार्यकर्ताओं ने मंदिर परिसर की साफ सफाई कर समाज को स्वच्छता का संदेश दिया। इसके पश्चात विधिवत रूप से पार्टी का ध्वजारोहण कर स्थापना दिवस मनाया गया।

**जनहितकारी योजनाओं पर संगोष्ठी**

बूथ स्तर पर आयोजित संगोष्ठी में केंद्र की मोदी सरकार और राज्य की विष्णुदेव सरकार की विभिन्न उपलब्धियों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों को भाजपा सरकारों की प्रमुख योजनाओं जैसे प्रधान मंत्री आवास योजना,महतारी वंदन,उज्जवला योजना, किसान समृद्धि, के अलावा बिजली बिल समाधान जैसी तमाम जन हितकारी योजनाओं और उनसे आम जन को होने वाले लाभ से अवगत कराया गया।

**वरिष्ठ जनों का किया गया सम्मान**

इस अवसर पर पार्टी के आधार स्तंभ कहे जाने वाले वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए उन्हें साल और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले वरिष्ठों में प्रमुख रूप से रविनंदन पांडेय, हीरालाल यादव, दयाराम घूर्वे, गंगादीन पटेल, वीरभद्र तिवारी एवं साधुराम राठौर शामिल रहे। दुल्लापुर मंडल के इस अभियान में कार्यक्रम प्रभारी एवं पंडरिया के वरिष्ठ नेता कल्याण सिंह ठाकुर, शिवनंदन पांडेय, फलित साहू मंडल अध्यक्ष, सुखदेव धुर्वे पूर्व अध्यक्ष, महेश यादव महामंत्री, अभिषेक शर्मा, जिला सह-संयोजक सोशल मीडिया, छुन्नी लाल साहू, शक्ति केंद्र प्रभारी, दिलीप पटेल, राधेलाल, मुकेश प्रजापति, राजेंद्र साकत, स्वारथ साहू, सरोज धुर्वे, श्रीमती सुमन ठाकुर सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जिला जेल कबीरधाम के 500 मीटर दायरे में नो-ड्रोन फ्लाइंग जोन घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी गोपाल वर्मा ने जिला जेल कबीरधाम की सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए आदेश जारी किया है। आदेशानुसार जिला जेल कबीरधाम परिसर की सीमा से 500 मीटर के दायरे में आने वाले क्षेत्र को नो-ड्रोन फ्लाइंग जोन घोषित किया गया है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। जिला जेल परिसर में सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की आशंका को रोकने के उद्देश्य से यह निर्णय लिया गया है। शासन स्तर से प्राप्त निर्देशों के अनुसार जेल के आसपास ड्रोन उड़ान को नियंत्रित करना आवश्यक माना गया है। भौगोलिक दृष्टि से जिला जेल कबीरधाम के उत्तर एवं पश्चिम दिशा में हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी कवर्धा एवं अन्य बस्तियां स्थित हैं। इन क्षेत्रों से असामाजिक तत्वों द्वारा ड्रोन के माध्यम से जेल परिसर में प्रतिबंधित सामग्री पहुंचाए जाने की संभावना बनी रहती है, जिससे जेल की सुरक्षा प्रभावित हो सकती है। विशेष रूप से आगामी त्यौहारों के मद्देनजर सुरक्षा को सुदृढ़ करने हेतु यह कदम उठाया गया है। आदेश में यह स्पष्ट किया है कि प्रतिबंधित क्षेत्र में ड्रोन उड़ान पूर्णतः निषिद्ध रहेगी तथा उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।




# टीचर्स एसोसिएशन की जिला बैठक, अब संविलियन से पहले की सेवा गणना होगा मुख्य मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी की अध्यक्षता में स्थानीय राजीव गांधी पार्क में आयोजित एसोसिएशन की जिला स्तरीय बैठक में सर्वसम्मति से कई अहम फैसले लिए गए। प्रमुख निर्णयों में अब पूर्व सेवा की गणना कर पूर्ण पुरानी पेंशन सहित अन्य लाभ शिक्षकों का प्रमुख मुद्दा होगा। स्थानीय समस्याओं को लेकर शीघ्र ही डीईओ को ज्ञापन सौंपा जाएगा। हुबहू प्रश्नपत्र को लेकर शीघ्र ही उच्चस्तरीय जांच की मांग पुनः किया जाएगा। सन 2011 से पहले नियुक्त शिक्षकों को टेट से छूट देने तथा टेट की विभागीय सीमित परीक्षा आयोजित करने की मांग किया गया। टीचर्स एसोसिएशन का प्रांतीय सम्मेलन शीघ्र ही आयोजित होगा, जिसके लिए जिले के शिक्षकों को तैयार रहने का आव्हान किया गया। बैठक के प्रारम्भ में जिलाध्यक्ष डॉ. चन्द्रवंशी ने विगत पांच अप्रैल को राजधानी रायपुर में आयोजित महासभा में लिए गए निर्णयों की विस्तृत जानकारी प्रदान किया। इसके साथ ही जिला व प्रांतीय स्तर पर संघीय गतिविधियों की विस्तृत जानकारी प्रदान किया। इसके बाद बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों व सदस्यों से सुझाव आमंत्रित करने के बाद सभी निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। बैठक में प्रमुख रूप से एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी, केशलाल साहू, वकील बेग मिर्जा, गोकुल जायसवाल, उमेश चन्द्रवंशी आदि उपस्थित थे।




**विलुप्त होती जनजातीय कला को नया जीवन देगा भोरमदेव चितरे फाउंडेशन**

# नि:शुल्क जनजातीय कला प्रशिक्षण शिविर का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

छत्तीसगढ़ की माटी में रची-बसी जनजातीय कला केवल चित्रकारी नहीं, बल्कि हमारे पूर्वजों की विरासत और पहचान है। इसी गौरवशाली परंपरा को सहेजने और उसे वैश्विक पहचान दिलाने के संकल्प के साथ भोरमदेव आदिवासी चितरे फाउंडेशन द्वारा एक विशाल निःशुल्क जनजातीय कला (पेंटिंग) प्रशिक्षण शिविर 2026 का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध राष्ट्रीय जनजाति चित्रकार और फाउंडेशन के डायरेक्टर बलबीर प्रसाद विश्वकर्मा के कुशल मार्गदर्शन में भोरमदेव के सुरम्य वातावरण में संपन्न होगा।

अक्सर माना जाता है कि कला केवल बच्चों के सीखने की चीज है, लेकिन इस भ्रांति को तोड़ते हुए फाउंडेशन ने इस शिविर को सभी आयु वर्ग के लिए खुला रखा है। चाहे आप विद्यार्थी हों, गृहणी हों या सेवानिवृत्त बुजुर्ग, यदि आपके भीतर अपनी संस्कृति को कूची (ब्रश) के माध्यम से कागज या दीवार पर उतारने का जज्बा है, तो आप इस शिविर का हिस्सा बन सकते हैं। फाउंडेशन का मानना है कि जनजातीय कला जैसे बैगा, गोंड़ और पारंपरिक भित्ति चित्रों को हर हाथ तक पहुंचाना जरूरी है। शिविर में शामिल होने के लिए आवेदन की प्रक्रिया 10 अप्रैल 2026 से प्रारंभ होकर 28 अप्रैल 2026 तक चलेगी। चयन पहले आओ-पहले पाओ और कला के प्रति समर्पण के आधार पर किया जाएगा। फाउंडेशन ने आधुनिक संचार माध्यमों को अपनाते हुए आवेदन की प्रक्रिया को सरल रखा है। इच्छुक प्रतिभागी अपना पूरा विवरण नाम, पिता का नाम, स्थाई पता, वर्तमान आयु और यदि पहले कभी चित्रकारी की है तो उसका अनुभव लिखकर ईमेल करें। फाउंडेशन का मुख्य कार्यालय गिरधारी कापा (कुण्डा) इस समय उन लोगों के लिए आशा की किरण बना हुआ है जो अपनी जड़ों से जुड़ना चाहते हैं।

इस शिविर के माध्यम से बैगा चित्रकला की बारीकियां और गोंड कला के रंगों के संयोजन को सिखाया जाएगा, ताकि हमारी पारंपरिक कला केवल किताबों तक सीमित न रहकर जन-जन की पहचान बने। संस्था के पदाधिकारियों ने कबीरधाम जिले सहित पूरे प्रदेश के कला प्रेमियों से अपील की है कि वे इस निर्धारित समय सीमा के भीतर अपना आवेदन ईमेल के माध्यम से भेजें और छत्तीसगढ़ की इस महान कला यात्रा के सहभागी बनें।

# फिर बदला अंचल का मौसम गरज के साथ बूंदा बांदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

मौसम कब अपना मिजाज बदल दे इसका कोई ठिकाना नहीं है। इसका एक नजारा बुधवार को कवर्धा में देखने को मिला। बुधवार को खिली चटख और चिलचिलाती धूप के बीच दूसरे पहर मौसम ने अचानक ही अपना मिजाज बदल दिया।

देखते ही देखते चिलचिलाती धूप और तपिश गायब हो गई। आसमान में काली बदली छा गई और हल्की बूंदा बांदी शुरू हो गई। मौसम के इस मिजाज को देख एक बार फिर किसानो के माथे पर चिंता दिखाई देने लगी है।

यहां बताना लाजिमी होगा कि इन दिनो अंचल के किसान रबि फसल गेंहू, चना, मटर आदि दलहन फसलों की कटाई और मिसाई में व्यस्त हैं। ऐसे में रह रहकर जिस ढंग से अपना रंग बदल रहा है उसे दिख किसानो की चिंता बढ़ रही है। किसानो ने बताया कि इस तरह की बेमौसम बारिश और आंधी तूफान से उनकी फसल प्रभावित हो सकती है।

वहीं दूसरी तरह मौसम को देख उवनोपज संग्रहणकर्ता भी चिंतित हैं। कुल मिलाकर देखा जाए तो मौसम का लगातार बदलता मिजाज लोगों की चिंता बढ़ा रहा है। लेकिन दूसरी तरफ मौसम में आए इस बदलाव से लोगों को इन दिनो पड़ रही भीषण गर्मी और चटख धूप से कुछ हद तक राहत भी मिली है। मौसम बदलने के बाद कवर्धा सहित अंचल का मौसम काफी खुशनुमा नजर आया।